Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 222 | बुधवार, 13 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## देशभर में नदियां उफान पर, चारों तरफ बाढ़ का कहर

# बिहार में 17 लाख लोग प्रभावित हिमाचल में 330 सड़कें बंद

**नई दिल्ली।**

लगातार हुई बारिश के बाद देशभर में नदियां उफान पर हैं। बिहार में 17 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। उत्तराखंड में बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब की यात्रा रोकनी पड़ी है। हिमाचल प्रदेश में 330 सड़कें बंद हो गई हैं। बारिश-बाढ़ जैसी आपदा के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे मैदानी प्रदेशों में बारिश का कहर जारी है। उत्तराखंड के धराली में तबाही के बाद अब भी मलबे में जिंदगी की तलाश चल रही है। बिहार में सैलाब ने 10 जिलों को घेर लिया है और 17 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। कई लोगों को घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। उत्तर प्रदेश में भी प्रयागराज, वाराणसी और बलिया समेत कई जिलों में बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। 44 जिलों में बारिश का यलो



अलर्ट भी जारी है। बिहार में चल रही भारी बारिश के कारण गंगा, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और घाघरा समेत सभी छोटी-बड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। इनमें से ज्यादातर नदियां भोजपुर, पटना, भागलपुर, वैशाली, लखीसराय, सारण, मुंगेर, खगड़िया और बेगूसराय और सुपौल में कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पटना, लखीसराय, भागलपुर और खगड़िया समेत 10 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और यहां 17 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हुए हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कुल 32 टीमें लगाई गई हैं। राहत शिविरों में बड़ी संख्या में लोग शरण लिए हुए हैं। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में गंगा और प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी उफान पर है। दोनों शहरों में सभी प्रमुख घाट डूब गए हैं। नदी किनारे के निचले रिहायशी इलाकों में भी पानी भर गया है। इसके अलावा, देवरिया, गोरखपुर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बरेली और बलिया जिले में भी बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। इस बीच, मौसम विभाग ने 15 जिलों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज और 29 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।

खालसा एड इंडिया चेरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य भी बारिश, झंझावात और दरकते पहाड़ों को पार करते हुए पटियाला से उत्तरकाशी पहुंच गए। संस्था के अंतरिम वरिष्ठ प्रशासक गुरमीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने लोगों को हाइजीन रखने के लिए प्रशासन को 200 किट सौंपी। इनमें सैनेटरी पैड, डाइपर, तौलिये, साबुन, टूथपेस्ट जैसी जरूरी चीजें हैं। सिंह ने बताया कि उनकी टीम धराली पहुंचकर लंगर लगाना चाहती थी, मगर भूस्खलन व खराब रास्ते जैसे खतरों को देखते हुए प्रशासन ने आगे नहीं जाने दिया।

## कॉन्स्टिट्यूशन क्लब चुनाव में राजीव प्रताप जलवा कायम, जीता चुनाव

**नई दिल्ली।**



राजीव प्रताप रूडी ने कॉन्स्टिट्यूशन क्लब के प्रबंधन में अपना 25 साल पुराना दबदबा बरकरार रखा है। उन्होंने अपने साथी भाजपा नेता संजीव बालियान को इस बेहद कड़े मुकाबले वाले चुनाव में मात दी। इस चुनाव में भाजपा के अमित शाह और कांग्रेस की सोनिया गांधी समेत कई दिग्गज नेताओं ने हिस्सा लिया। अपने समर्थकों के जश्न के बीच, रूडी ने आधी रात के बाद पत्रकारों को बताया कि उन्होंने 100 से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की है और उनके पैनल के सदस्य, जो अलग-अलग पार्टियों से थे, ने भी जीत दर्ज की है। रूडी ने पत्रकारों से कहा कि यह सभी सांसदों और उन सभी लोगों के लिए एक शानदार जीत है जो वोट देने आए थे और पिछले दो दशकों से टीम के अथक प्रयासों का समर्थन किया... यह एक खूबसूरत अनुभव है। भाजपा के केंद्रीय मंत्री शाह और जेपी नड्डा और कांग्रेस की सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सहित विभिन्न दलों के प्रमुख नेताओं ने मंगलवार को मतदान किया, जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी के दो अनुभवी सदस्यों ने एक महत्वपूर्ण पद के लिए कड़ी टक्कर दी। वर्तमान सचिव (प्रशासन) रूडी, जो पांचवीं बार लोकसभा सांसद हैं, को दो बार लोकसभा सांसद रह चुके बाल्यान से कड़ी चुनौती मिली, लेकिन वे बड़े अंतर से जीत गए। अधिकारियों ने बताया कि कुल 1,295 वर्तमान और पूर्व सांसदों में से 680 से ज्यादा वैध वोट डाले गए, जिससे यह क्लब के पदाधिकारियों के चुनाव में अब तक के सबसे ज्यादा मतदानों में से एक बन गया।

अमित शाह और जेपी नड्डा के अलावा पीयूष गोयल और किरण रिजिजू समेत कई केंद्रीय मंत्रियों और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने भी मतदान किया, क्योंकि उम्मीदवारों ने अपने समर्थकों को एकजुट करने के लिए जोरदार पैरवी की। रूडी का दबदबा रहा है और उन्होंने कई चुनाव निर्विरोध जीते हैं, इससे पहले कि बाल्यान ने, लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे जैसे कुछ भाजपा नेताओं के समर्थन से प्रेरित होकर, बिहार के इस नेता की ताकत को परखने का फैसला किया।

## अंतरराष्ट्रीय सीमा के दो किमी दायरे में रात को आवाजाही पर दो महीने प्रतिबंध

**जम्मू/सांबा।** सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के दो किलोमीटर दायरे में रात में आम लोगों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों में सुरक्षा बेहद कड़ी की गई है। पाकिस्तान के मंसूबों को देखते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों में उच्च सतर्कता के निर्देश दिए गए हैं। सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के दो किलोमीटर दायरे में रात में आम लोगों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश दो माह लागू रहेगा। जम्मू शहर के सभी क्षेत्रों में अतिरिक्त सुरक्षा की गई है। कई मार्गों पर यातायात बदला गया है। शहर में पार्किंग के लिए 28 स्थान तय किए गए हैं। सांबा जिले की उपायुक्त आयुषी



सूदन ने मंगलवार को आदेश जारी कर सीमा से सटे क्षेत्र में रात में आवाजाही पर पाबंदी लगाई है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के साथ बैठक में अधिकारियों ने सुरक्षा का मुद्दा उठाया था। इसके बाद ही भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत रात 10 बजे से सुबह पांच बजे तक सीमा के दो किलोमीटर के दायरे में आवाजाही रोकी गई है।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की कोई योजना नहीं

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्री एसपी सिंह बघेल ने मंगलवार को संसद को बताया कि केंद्र सरकार गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए कानून बनाने की कोई योजना नहीं बना रही है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बघेल ने कहा, संविधान के अनुच्छेद 246 (3) के अनुसार, संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्तियों के वितरण के तहत, पशुओं का संरक्षण ऐसा विषय है जिस पर विधायी शक्तियां राज्य विधानमंडल के पास हैं। मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार दिसंबर 2014 से राष्ट्रीय गोकुल मिशन को क्रियान्वित कर रही है, जिसका उद्देश्य राज्यों और संघीय क्षेत्रों द्वारा गायों के संरक्षण के लिए उठाए गए पहलों का समर्थन करना है।

**केंद्रीय पशुपालन मंत्री ने संसद को दी जानकारी**



दूध उत्पादन के संदर्भ में, बघेल ने सदन को सूचित किया कि 2024 में देश के कुल दूध उत्पादन में गाय के दूध का योगदान 53.12 प्रतिशत, जबकि भैंस के दूध का योगदान 43.62 प्रतिशत रहा। मिलावटी दूध के 8,815 मामलों में लगाया 36.72 करोड़ रुपये का जुमार्ना अन्य प्रश्न के उत्तर में बघेल ने बताया कि 2024-25 में मिलावटी दूध से संबंधित 8,815 मामलों में 36.72 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

## आयरलैंड के राष्ट्रपति हिगिंस ने भारतीयों पर हमलों की निंदा की, कहा- हिंसा देश के मूल्यों के विपरीत



**नई दिल्ली।**

आयरलैंड के डबलिन और अन्य शहरों में भारतीयों पर हुए हिंसक हमलों के बाद राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस ने निंदा की। उन्होंने कहा कि ये हमले आयरलैंड के मूल्यों के बिल्कुल विपरीत हैं। उन्होंने कहा, भारत के लोगों को हम प्रिय मानते हैं।

555 आयरलैंड में किसी भी व्यक्ति, खासकर किसी युवा को छल-कपट या उकसावे के जरिये इस तरह के व्यवहार में घसीटने की कड़ी निंदा होनी चाहिए। आयरलैंड के राष्ट्रपति माइकल डी हिगिंस ने मंगलवार को भारतीयों पर हुए घृणित हमलों की निंदा की। वहां भारतीयों के योगदान का भी जिक्र किया। हिगिंस ने कहा कि ये हमले आयरलैंड के मूल्यों के बिल्कुल विपरीत हैं। उनका यह बयान डबलिन और अन्य शहरों में भारतीयों पर हुए हिंसक हमलों के बाद आया है। हिगिंस ने कहा, भारत के लोगों को हम प्रिय मानते हैं। आयरलैंड में किसी भी व्यक्ति, खासकर किसी युवा को छल-कपट या उकसावे के जरिये इस तरह के व्यवहार में घसीटने की कड़ी निंदा होनी चाहिए। चाहे ऐसा उकसावा अज्ञानता से उपजा या दुर्भावना से, इससे होने वाले नुकसान को स्वीकार करना जरूरी है। ऐसे कृत्य हमे कमजोर करते हैं।

## लखनऊ को मिली बड़ी सौगात

## अब चारबाग से वसंत कुंज के बीच भी दौड़ेगी मेट्रो, 11 किलोमीटर लंबी होगी यह लाइन

**नई दिल्ली।**

शहरी यातायात को सुगम बनाने के लिए केंद्र सरकार ने लखनऊ को एक और नई मेट्रो लाइन की सौगात दी है। करीब 58 सौ करोड़ से बनने वाली यह मेट्रो लाइन चारबाग से वसंत कुंज के बीच डाली जाएगी। जिसमें कुल 12 स्टेशन होंगे। इनमें सात भूमिगत व पांच एलिवेटेड स्टेशन होंगे। 11.2 किमी लंबी यह मेट्रो लाइन लखनऊ के उन पुराने क्षेत्रों से होकर गुजरेगा, जो मौजूदा समय में सघन आबादी के चलते भारी जाम की समस्या से अक्सर जूझते दिखाई देते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगुवाई में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया है। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस प्रोजेक्ट से लखनऊ में आवागमन की सुविधा और बेहतर होगी। यह प्रोजेक्ट अगले पांच सालों में पूरा होगा। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन और भारत सरकार दोनों ही संयुक्त रूप से मिलकर इस प्रोजेक्ट पर काम करेंगे। इस प्रोजेक्ट को लखनऊ मेट्रो के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। लखनऊ में पहले से ही सीसीएस एयरपोर्ट से मुंशी पुलिया के बीच करीब 23 किमी लंबी मेट्रो की एक लाइन संचालित हो रही है। वैष्णव ने बताया कि इस नए प्रोजेक्ट की मंजूरी के साथ ही लखनऊ शहर अब उत्तर-दक्षिण के साथ ही पूरब-पश्चिम छोर से ही बेहतर आवागमन से जुड़ जाएगा। इससे शहर को प्रदूषण से भी बड़ी राहत मिलेगी।




लखनऊ के इन हिस्सों से होकर गुजरेगी यह नई मेट्रो लाइन नया कॉरिडोर पुराने लखनऊ के उन हिस्सों से होकर गुजरेगा, जो अब तक सार्वजनिक परिवहन के नजरिए से काफी पिछड़े हुए थे। इसी बड़ी वजह इनकी सघन आबादी का होना भी था। इसमें अमीनाबाद, यहियागंज, चौक, व पांडेयगंज जैसे प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र शामिल हैं।

## मुश्किल में पड़ सकते हैं सुरेश रैना, अवैध सट्टेबाजी एप मामले में आज ईडी के सामने होंगे पेश

**नई दिल्ली।**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना कथित अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़े मामले में बुधवार को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हो सकते हैं। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने दी। सूत्रों ने बताया कि रैना को 1एक्सबीईटी नामक एप से जुड़े अवैध सट्टेबाजी मामले में पूछताछ के लिए 13 अगस्त को एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। ऐसा माना जा रहा है कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर कुछ विज्ञापनों के माध्यम से इस एप से जुड़े हुए हैं। ईडी अधिकारी पूछताछ के दौरान इस एप के बारे में उनसे जानकारी हासिल करने का प्रयास करेंगे। एजेंसी अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़े कई ऐसे मामलों की जांच कर रही है, जिन पर आरोप है कि उन्होंने कई लोगों और निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी की है या भारी मात्रा में कर चोरी की है।



## स्वतंत्रता दिवस पर न्यूयार्क में होगा सबसे लंबा नृत्य महोत्सव, कोलकाता, पिट्सबर्ग के डांस ग्रुप देंगे प्रस्तुतियां

**न्यूयार्क।**

भारत के स्वतंत्रता दिवस पर न्यूयार्क शहर में 'शक्ति- नारी दिव्य ऊर्जा' थीम पर सबसे लंबे समय तक चलने वाला सार्वजनिक नृत्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कोलकाता, पिट्सबर्ग, न्यू जर्सी और न्यूयार्क के नृत्य समूह हिस्सा लेंगे। मंगलवार से शुरू 44वां वार्षिक बैटरी डांस फेस्टिवल 16 अगस्त तक चलेगा, जिसमें दुनिया भर की डांस कंपनियां शामिल होंगी। 15 अगस्त को महोत्सव में इंडिया डे का आयोजन होगा, जिसमें 'शक्ति - नारी दिव्य ऊर्जा' थीम पर नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैटरी डांस के संस्थापक और कलात्मक निर्देशक जोनाथन हॉलैंडर ने बताया कि पिछले दो वर्षों में पुरुष नर्तकों पर ध्यान केंद्रित किया गया था, लेकिन इस वर्ष नारी को थीम बनाया गया है। इंडिया डे पर सात विभिन्न नृत्य समूह रचनात्मकता और जीवन में नारीत्व के सिद्धांत की महत्ता बताते हुए अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

बैटरी डांस फेस्टिवल में हर साल 12,000 से अधिक दर्शक पहुंचते हैं, जबकि 10,000 से ज्यादा लोग वर्चुअल तरीके से इसका आनंद लेते हैं।



## संपादक की कलम से

# जवाबदेही चुनाव आयोग की

जवाबदेही चुनाव आयोग की है। यदि वोट चोरी के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं और उस मुद्दे पर करीब 300 सांसद सडक पर हैं, तो यह कोई सामान्य परिस्थिति नहीं है। चुनाव आयोग कन्नी नहीं काट सकता और न ही विपक्षी नेता के हलफनामे का इंतजार कर सकता। संविधान ने निष्पक्ष और तटस्थ निर्वाचन का दायित्व चुनाव आयोग को सौंपा है, लिहाजा सम्यकु जवाबदेही भी उसी की है। आयोग को वोट चोरी पर खुद स्पष्टीकरण देना चाहिए। औसत नागरिक न्यायपालिका, संसद और चुनाव आयोग के प्रति श्रद्धा और सम्मान के भाव रखता है। वे भाव खंडित नहीं होने चाहिए। हालांकि आयोग ने शनिवार को सर्वोच्च अदालत में हलफनामा देकर आश्वस्त किया है कि जो 65 लाख सवालिया मतदाता बिहार की मतदाता–सूची से बाहर किए गए हैं, उनके पक्ष सुने जा सकते हैं। अभी तक सूची में दर्ज योग्य और पात्र मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे, तो उन्हें बाकायदा नोटिस जारी किए जाएंगे, उनके स्पष्टीकरण सुने जाएंगे, तब आयोग निर्णय लेगा कि वे पात्र मतदाता हैं अथवा नहीं। बिहार के संदर्भ में यह प्रक्रिया एक सितंबर तक जारी रहेगी। सर्वोच्च अदालत में मंगलवार और बुधवार को इस मामले पर सुनवाई तय की गई थी। उसके बाद ही कोई फैसला सामने आएगा, लेकिन चुनाव आयोग की फजीहत नहीं होनी चाहिए। जिस तरह के विशेषण, रूपक और उपमाएं आयोग के लिए मीडिया में इस्तेमाल की जा रही हैं, वे अशोभनीय और अमर्यादित हैं। यह अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। चुनाव आयोग पर भाजपाई होने के जो आरोप चस्पां किए जा रहे हैं, आयोग उन पर न तो खामोश रहे और न ही आरोपों का खंडन करे। उसे आरोपित मामलों में कार्रवाई करनी चाहिए और देश के सामने सार्वजनिक करना चाहिए कि वोट चोरी के आरोप कितने तथ्यात्मक हैं और कितने पूर्वाग्रही हैं? विपक्ष ने आरोप लगाए हैं कि एक ही पते पर 80,100 या उससे अधिक मतदाता बनाए गए हैं। ऐसी खबरें देश के कई राज्यों से आ रही हैं। आयोग को स्पष्टीकरण देना चाहिए, लेकिन इसकी सामाजिक और कामकाजी पृष्ठभूमि भी जाननी चाहिए। वैसे हम बता दें कि देश में 45 करोड़ से अधिक लोग प्रवासी हैं। उन्हें पुराने घर का पता छोड़ कर नए ठिकाने का पता जोडा पड़ता है। यह प्रक्रिया असंगठित क्षेत्र के कामगारों और मजदूरों के लिए बहुत कठिन है। मतदाताओं के नाम कटने और जोडे की गतिविधियां और समीक्षाएं होती रही हैं। भारत में 95 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। महानगरों में 30 लाख से अधिक लोग ऐसे हैं, जिनके पास एक निश्चित पता नहीं है। वोटर आई कार्ड पाने के लिए वे उस व्यक्ति पर निर्भर रहते हैं, जो उन्हें घर का पता इस्तेमाल करने की अनुमति देता है। देश में निर्माण–स्थल पर काम करने वाले करीब 1 करोड़ मजदूर उसी स्थल पर रहते हैं अथवा आसपास रहते हैं या ठेकेदार के किसी पते पर रहने को विवश हैं। क्या उन्हें मताधिकार प्राप्त नहीं है? ऐसे लोगों का स्थायी या पुश्तैनी पता कैसे हो सकता है? हमारा दावा यह नहीं है कि एक ही पते पर कई मतदाताओं के कार्ड बनाने की प्रक्रिया में धांधलेबाजी नहीं है। राजनीतिक दल अपना वोट बैंक पुख्ता करने के लिए ऐसा करते रहे हैं, लेकिन समग्रता में यह मामला बेहद संवेदनशील है। चुनाव आयोग को भी समझना चाहिए। हमारा मानना है कि इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। फर्जी वोट या मतदान के दिन बूथ छापने या लूटने की घटनाएं होती रही हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## आजादी का मतलब

### मोनिका डागा



कविता

अपने संविधान को सम्मान व नमस्कार,
स्वदेश से प्रेम अनुराग अगाढ़ अपार,
सबको समान नागरिकता का अधिकार,
प्रसन्नचित आदर्श देश वासियों का व्यवहार,
सत्य, शांति, अहिंसा, की जय जयकार,
दुश्मनों को करारी भीषण फटकार,
मातृभूमि का मान–सम्मान रहे बरकरार,
सपनों को स्वतंत्रता का देना आकार,
देश की प्रगति में बनना सच्चा भागीदार,
एकता, क्षमा, सात्विकता, संग परोपकार,
देश की सेवा में शत प्रतिशत हिस्सेदार,
शूर वीरों की महिमा गाएं सारा संसार,
गौरवान्वित उन्नत हो हमारी सभ्यता संस्कार,
रूढ़िवादी परम्पराओं का करें बहिष्कार,
ज्ञानार्जन सफल सुरक्षित अविष्कार,
विदेशी बंधनों से मुक्ति वतन से प्यार,
विचारों की स्वतंत्रत अभिव्यक्ति हर बार,
जल थल नभ सेना में अद्भुत शक्ति आधार,
अखंडता की अक्षुण्ण जन शक्ति उपहार,
भाईचारे की प्रबल भावना ही अलंकार,
सभी के लिए शुभकामना सदाबहार,
विश्व बंधुत्व की आनंद डोर कारगार,
जय हिन्द ! जय भारत ! एकल परिवार ।


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नया आयकर बिल 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित-राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अब कानून बन जायेगा-करोड़ों करदाताओं पर होगा सीधा असर



गोंदिया




वैश्विक स्तरपर तेजी से बदलते परिपेक्ष में अगर तेजी से विकास की रफ्तार पकड़ता है तो, हर देश को अपना इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य परिवहन इत्यादि हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का लाभ लेकर उन्हें आधुनिक बनाना होगा, जिसके लिए पैसे की आवश्यकता होगी जो प्रतिवर्ष बजट के माध्यम से इंतजाम किया जाता है। भारत ने तो इन सभी उपायों पर तेजी से कदम बढ़ाना शुरू कर दिया हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि विजन 2047 को पूरा करने के लिए आम नागरिकों को आगे आकर टैक्स भरने के लिए जागृत किया जा रहा है, इसके लिए ही आयकर अधिनियम को छोटा व आसन बनाकर 11 अगस्त को लोकसभा में व 12 अगस्त 2025 को राज्यसभा में पारित करवा गया है, जिस पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद यह कानून बन जाएगा और 1 अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना व्यक्ति की गई है।मेरी केंद्र व राज्य सरकारों से इस आर्टिकल के माध्यम से अपील व सुझाव है कि करों की प्रक्रिया व शर्तों को आसान बनाकर टैक्स देनें वालों की संख्या में वृद्धि तो होगी परंतु वह अधिक मात्रा में आया हुआ टैक्स अगर रेवड़ियां बांटने में निकल जाता है तो, विकास की रफ्तार को ढीला कर देता है इसलिए रेवड़ियां बांटने पर लगाम लगाने के लिए 31 अगस्त 2025 तक चलने वाले इस मानसून सत्र में ही बिल बनाकर निचले व ऊपरी सदन में ध्वनि मत से या फिर इसी तरह 3-4 मिनट में ही पारित करा लिया जाता है तो कर दाताओं की मेहनत से कमाई गाड़ी कमाई रेवड़िया बांटने में नहीं जाएगी।चूँकि 64 वर्षों पुराना आयकर अधिनियम 1961 को अब अनायस शब्दों धाराओं अध्यायों को हटाकर अब छोटा व आसान बनाया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे नया आयकर बिल 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित- राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अब कानून बन जाएगा-करोड़ों करदाताओं पर होगा सीधा असर ! साथियों बात अगर हम नए आयकर विधेयक 2025 को पारित करने की पूरी थियोरी की करें तो, केंद्रीय वित्त मंत्री ने पिछले हफ्ते लोकसभा से आयकर विधेयक, 2025 के पुराने मसौदे को औपचारिक रूप से वापस ले लिया था इस बिल का अपडेटेड वर्जन आज पेश किया गया था। लोकसभा की प्रवर समितिने लगभग 285 सिफारिशें की थीं और पिछले महीने संसद को 4,500 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें विधेयक में सुधार का प्रस्ताव दिया गया। बता दें कि मूल विधेयक फरवरी में संसद के बजट सत्र के दौरान पेश किया गया था। विधेयक में मौजूदा कानून के अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटा दिया गया है और 1961 के आयकर अधिनियम में धाराओं की संख्या 819 से घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर दी गयी है। नए आयकर विधेयक में शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटाकर 2.6 लाख कर दी गई है। विपक्षी सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच वित्तमंत्री ने कहा कि ये बदलाव केवल सतही नहीं हैं। ये टैक्स प्रशासन के प्रति नए और सरलीकृत दृष्टिकोण को दशार्ते हैं। यह अधिक संक्षिप्त और अधिक केंद्रित कानून है, जिसे पढ़ने, समझने और लागू करने में आसानी होगी।कहा जा रहा है कि यह नया इनकम टैक्स बिल 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। इसे तैयार करने में काफी समय लगा है। इसके साथ ही डिजिटल युग की जरूरतों के अनुसार इसे ढाला गया है। वहीं प्रीवियस ईयर और असेसमेंट ईयर जैसे ऑप्शन को खत्म टैक्स ईयर कॉन्सेप्ट शुरू किया जाएगा।वित्त मंत्री ने कहा कि 1961 का आयकर अधिनियम में दशकों तक संशोधन किया गया। इसमें कई जटिलातएं है। यह काफी पुराना हो गया था।ऐसे में एक नए बिल की जरूरत महसूस की जा रही थी। नए बिल को आधुनिक अर्थव्यवस्था के तहत बनाया गया है। नए कानून में भाषा को सरल बनाया गया है ताकि आम टैक्सपेयर्स इसे आसानी से समझ सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नए कानून में इनकम टैक्स दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। (1) इस नए बिल को 536 धाराओं और 16 अनुसूचियों में व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि इसे समझना और पढ़ना दोनों आसान हो।(2) शून्य टीडीएस प्रमाणपत्र की सुविधा मिलेगी। (3) डिविडेंड में कटौती को लेकर सेक्शन 80 एम की फिर से शुरूआत की जाएगी।

(4) आईटीआर फाइल चाहे डेडलाइन के बाद किया हो, लेकिन रिफंड मिलने में परेशानी नहीं होगी। (5) ऐसे सभी क्लास को हटाया जाएगा, जो इसे सपोर्ट नहीं करते (6) ऐसी बिजनेस प्रॉपर्टी जिनकाइस्तेमाल न ? ? हो रहा हो ? या लंबे से खाली हो ?, उन ?पर टैक्स नहीं लिया जाएगा।सहित और भी ऐसे कई प्रावधान हैं, जो करदाताओं के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। साथियों बात अगर हम इस नए आयकर अधिनियम 2025 को पारित करने में काफी जद्दोजहद की करें तो, बता दें कि साल 2010 में प्रत्यक्ष कर संहिता विधेयक, 2010 संसद में पेश किया गया था। इसे जांच के लिए स्थायी समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, 2014 में सरकार बदलने के कारण विधेयक निरस्त हो गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार (7 फरवरी, 2025) को नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दे दी, यह बिल छह दशक पुराने आईटी अधिनियम की जगह लेगा। नया बिल इनकम टैक्स से जुड़े उन सभी संशोधनों और धाराओं से मुक्त होगा जो अब प्रासंगिक नहीं हैं। साथ ही भाषा ऐसी होगी कि लोग इसे टैक्स एक्सपर्ट की सहायता के बिना समझ सकें। इस बिल में प्रावधान और स्पष्टीकरण या कठिन वाक्य नहीं होंगे।इससेमुकदमेबाजी कम करने में भी मदद मिलेगी और इस तरह विवादित टैक्स डिमांड में कमी आएगी। चूँकि बजट में माननीय वित्तमंत्री ने घोषणा की थी कि एक सप्ताह के भीतर एक नया आयकर अधिनियम 2025 लाया जाएगा, इसलिए ही आज दिनांक 7 फरवरी 2025 को देर रात्रि केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी थी, फिर संसदीय स्थाई समिति के पास भेजा गया था नए बिल में संभावित कुछ ऐसे प्रावधान प्रस्तावित है जो कार्यकारी आदेशों के माध्यम से कटौती या छूट की सीमा और राशियों को बदलने की अनुमति देंगे अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका उद्देश्य विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नया आयकर बिल 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित- राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अब कानून बन जायेगा- करोड़ों करदाताओं पर होगा सीधा असर !64 वर्ष पुरानें आयकर अधिनियम 1961 से बहुत छोटा- अनावश्यक शब्दों धाराओं अध्यायों को हटाया गयासंसद में एसआईआर मुद्दे पर हंगामें के बीच, मात्र 3 मिनट में नया आयकर विधेयक 2025, ध्वनिमत से पारित-1 अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना।

# स्वच्छंद मर्यादाहीन सूर्पणखा का निरंकुश अशिष्ट जीवन वृतांत

सूर्पणखा का असली नाम बज्रमणि था। सूप की भाँति बड़े-बड़े नाखूनों के कारण इसे लोग सूर्पणखा कहते ये (वयंरक्षामः, सूर्पणखा खण्ड-54 देखें)। इसका विवाह कालखंजवंशी विद्युज्जित नामक राक्षस से हुआ था। (देखें अध्याय रा. 7/2/38-39)। ब्रह्माचक्र के अनुसार यह अपनी दो पुत्रियों के साथ लंका व किष्किन्धापुरी की सीमाओं की रक्षा करती थी। बाल्मीकि रामा/7/9/6-35 के मध्य आई कथा के अनुसार सुमाली नामक राक्षस की पुत्री कैकसी और विश्रवा मुनि से रावण, कुम्भकर्ण, सूर्पणखा व विभीषण का जन्म हुआ था। इस प्रकार सूर्पणखा रावण की सगी बहन हुई। दूसरी ओर विश्रामसागर रामायण खण्ड अध्याय एक के अनुसार सूर्पणखा के पिता तो विश्श्रवा मुनि थे परन्तु माता का नाम 'माया' था। इसके अतिरिक्त महाभारत, वनपर्व, अध्याय-275 के अन्तर्गत यह कथा प्राप्त होती है कि विश्रवा मुनि को प्रसन्न करने के लिए कुबेर ने तीन अत्यन्त सुन्दरी राक्षस कन्याओं क्रमशः पुष्पोत्कटा, राका व मालिनी को नियुक्त किया। विश्रवा मुनि जब इनकी सेवा से प्रसन्न हुए तो इन्हें महापराक्रमी पुत्र होने का वरदान दिया। तब पुष्पोत्कटा से रावण व कुम्भकर्ण तथा मालिनी से विभीषण जी व राका से खर व सूर्पणखा उत्पन्न हुए। सूर्पणखा का पति एक युद्ध में भ्रमवश रावण द्वारा ही मारा गया तो सूर्पणखा बहुत रोयी। इस पर रावण ने खर-दूषण व विशिरा के साथ 14000 महापराक्रमी राक्षसी सेना प्रदान कर इसे दण्डकारण्य का राज्य दिया। यह स्वेच्छाचारिणी अपने स्वाधीन बल से सर्वत्र घूमती रहती थी। एक दिन सूर्पणखा ने पंचवटी के पास गौतमी नदी के किनारे श्रीराम जी के चरणों के चिह्न जिनमें कमल, वज्रादि अंकित थे, को बालू में बना हुआ देखा। ऐसे विचित्र चिह्नांकित चरण देखकर वह प्रभु के स्वरूप का आकलन कर मोहित हो गयी और उन्हीं चरण चिह्नों को देखते-देखते श्रीराम के आश्रम तक पहुँच गयी। देखें-अध्यात्म रामायण के निम्न श्लोक- कामरूपिणी। तस्मिन् काले महारण्ये राक्षसी विचचार महासत्त्वा जनस्थाननिवासिनी।। एकदा गौतमीतीरे पंचवट्याः समीपतः। पद्मवज्रांकुशांकानि दृष्टा कामपरीतात्मा पदानि जगतीपते ।। पादसौन्दर्यमोहिता ॥ पश्यन्ती सा शनैरायाद्राघवस्य निवेशनम्।। (अध्यात्म रा./3/5/1-3) मानस पीयूष अरण्यकाण्ड में उल्लिखित एक कथा के अनुसार सूर्पणखा को विवाह के छठें दिन ही एक पुत्र हुआ। विद्युज्जिह्व को मारने के बाद रावण ने इस पुत्र को एक लोहे के पिंजड़े में बन्द कर दिया। एक बार जब पुष्प लेने गये लक्ष्मण जी पर यह राक्षस (सूर्पणखा का पुत्र) हँसा तो लक्ष्मण जी ने इसे अग्निबाण मारकर भस्म कर दिया। जब पुत्र के भस्म होने की सूचना नारद के माध्यम से सूर्पणखा को मिली, तो वह क्रोधित होकर श्रीराम के आश्रम पर गयी, परन्तु राघव का सौन्दर्य देखकर उन पर मोहित हो गयी। श्री रामचरितमानस में वर्णित कथा इन कथाओं से मेल भले ही न खाये परन्तु उसकी अलौकिकता अन्य सभी प्रसंगों में अत्यन्त सुन्दर है। गोस्वामी जी इस विवाद में नहीं पड़े कि सूर्पणखा किसकी पुत्री है? किसकी पत्नी है अथवा किसकी माता है, क्योंकि स्त्री का परिचय, जन्म होने पर अमुक व्यक्ति की पुत्री है, बड़ी होने पर विवाहोपरान्त अमुक व्यक्ति की पत्नी है, पुत्र होने पर अमुक की माता है, यही दिया जाता है। जैसे पार्वती जी का परिचय क्रमबद्धता से सीता जी ने स्तुति करते समय सबसे पहले उनके पिता का नाम लेकर दिया 'जय जय जय गिरिराज किसोरी।' यहाँ पार्वती जी को पर्वतराज की पुत्री कहा गया, फिर 'जय महेस मुखचन्द चकोरी' भोलेनाथ की पत्नी होने का संकेत है, फिर 'जय गजबदन षडानन माता' कहकर पुत्रों से पार्वती का परिचय मिला। परन्तु गोस्वामी जी ने सूर्पणखा का परिचय इन सबसे न देकर एक नयी बात लिख दिया कि जो स्वेच्छाचारिणी हो, जो किसी के प्रतिबन्ध में नहीं हो, जिस पर किसी का नियन्त्रण नहीं है यह किसी की पुत्री, पत्नी और माँ कैसे हो सकती है, पुत्री पिता के, पत्नी पति के, माँ बेटे के देखरेख में रहती है परन्तु इस पर तो इनमें से किसी का भी नियन्त्रण नहीं है क्योंकि यह किसी का कहना नहीं मानती इसलिए यह कौन है? गोस्वामी जी लिखते हैं- सूपनखा रावन के बहिनी। दुष्ट हदय दारुन जस अहिनी।। पंचवटी सो गइ एक बारा। देखि बिकल भइ जुगल कुमारा।। (मानस 3/16-3-4) सूर्पणखा रावण की बहन है, इसलिए स्वभाव भी रावण के अनुसार ही होगा। रावण भी 'देव जच्छ गंधर्व नर किंनर नाग कुमारि। जीति घरी निज बाहुबल बहु सुन्दर वर नारि।' अर्थात रावण ने भी अनेकों स्त्रियों को जबरदस्ती अपनी पटरानी बनाया था, इसी प्रकार यह सूर्पणखा भी है, जहाँ सुन्दरता देखी, वहीं रीझ गयी। इसका स्वभाव रावण की तरह ही है इसलिए यह रावण की बहन कही गयी। 'पंचवटी सो गइ एक बारा' पंचवटी कैसे पहुंची इसका वर्णन पूर्व में किया जा चुका है। सूर्पणखा जब प्रभु के पास गयी तो गोस्वामी जी लिखते हैं कि 'देखि विकल भइ जुगल कुमारा' अर्थात राम-लक्ष्मण दोनों को देखकर मोहित हुई। कैसी विचित्र स्थिति है, एक समय में एक ही व्यक्ति पर आकर्षित होने की बात समझ में आती है परन्तु वह दोनों भाइयों पर एक साथ मोहित हो गयी, इसी कारण उसे 'माया मिली न राम' राम-लक्ष्मण में से कोई भी नहीं मिल सका। आध्यात्मिक दृष्टि से भी व्यक्ति तब तक प्रभु तक नहीं पहुंच सकता, उन्हें नहीं पा सकता जब तक मायावी संसार के जीवों से उसका मोह भंग न हो जाय। सूर्पणखा जीवाचार्य लक्ष्मण को भी चाहती है, उन पर भी मुग्ध है और ब्रह्म श्रीराम पर भी। ब्रह्म की प्राप्ति के लिए जीव के प्रति आकर्षण समाप्त ही करना होगा। जब तक परमात्मा के प्रति स्थिर एकांगी स्नेह उत्पत्र नहीं होगा उसकी प्राप्ति असम्भव है। इसलिए पूर्ण समर्पण भाव से जब 'मन क्रम बचन छाड़ि चतुराई' उस प्रभु का स्मरण करोगे तो 'भजत कृपा करिहहिं रघुराई'। परमात्मा की प्राप्ति में जीव बाधक है, इसलिए सूर्पणखा का एक साथ दोनों (राम-लक्ष्मण) पर मोहित होना ही उसके लिए भारी पड़ा। सूर्पणखा प्रभु के पास गयी भी तो नकली रूप लेकर। प्रभु को वेष नहीं, भाव चाहिए 'भाव बस्य भगवान'। आप जानते हैं कि प्रभु के पास नकली रूप लेकर जानेवाले प्रत्येक पात्र को येन-केन-प्रकारेण दण्ड मिला। जयन्त की आँख फूटी तो मारीच के प्राण गये और सूर्पणखा की स्थिति क्या हुई? बताने की आवश्यकता नहीं, आप सब जानते हैं कि उसे भी नाक-कान कटवाना पड़ा, भला मायापति से किसी की माया चल सकती है क्या? प्रभु का उ?द्घोष है कि 'निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट-छल-छिद्र न भावा।' फिर प्रभु से छल करनेवाले की खैर कैसे रहे। सूर्पणखा ने भी अपना रूप बदला और- रुचिर रूप धरि प्रभु पहिं जाई। बोली बचन बहुत मुसुकाई।। मानस-3/16/7) सूर्पणखा प्रभु के पास जाकर अनायास ही बहुत हँसती है, उसने अपनी मुस्कान से अपने हृदय की बात व्यक्त करने का प्रयास भी किया, फिर बोल ही पड़ी और कहा- तुम्ह सम पुरुष न मो सम नारी। यह सँजोग विधि रचा बिचारी।। मम अनुरूप पुरुष जग माहीं। देखेउँ खोजि लोक तिहु नाहीं।। तातें अब लगि रहिउँ कुमारी। मनु माना कछु तुम्हहि निहारी।। (मानस-3/16/8-10) सूर्पणखा ने कहा कि मैंने तीनों लोकों में खोज डाला परन्तु मेरे अनुरूप कोई पुरुष न दिखा इसीलिए मैं अभी तक कुआँरी ही रही, आज तुम्हें देखकर मेरा मन कुछ-कुछ तुम पर आसक्त हुआ है। सूर्पणखा का कहना है कि आज तक तीनों लोकों में मुझे ऐसा कोई भी नहीं मिला जिस पर मेरा किंचित भी मन रमता, परन्तु तुम पर मेरा मन कुछ-कुछ आसक्त हो रहा है, इसलिए, अब कहाँ तक खोजती रहूँ? सोचती हूँ तुम्हीं से सम्बन्ध कर लूँ 'मनु माना कछु तुम्हहि निहारी।' जो 'कोटि मनोज लजावनि हारे' हैं, जिन्हें देखकर जनक जी का ब्रह्म सुख उनसे छूट गया 'बरबस ब्रहा सुखहिं मन त्यागा' और जिन्हें देखकर विश्वामित्र जी जैसे 'मुनि बिरति बिसारी' उनके लिए सूर्पणखा कहती है 'मनु माना कछु तुम्हहि निहारी' प्रभु पर एहसान लादना चाहती है। श्रीराम तो सूर्पणखा के यह कहते ही कि 'देखेउँ खोजि लोक तिहु नाहीं' यह समझ गये कि राक्षसों के अतिरिक्त इतनी शीघ्रता में तीनों लोकों का भ्रमण भला कौन करेगा? यद्यपि सूर्पणखा ने दोनों बातें असत्य कहीं, न तो वह तीनों लोकों में घूमी और न ही वह अविवाहित थी। वह तो विधवा थी, परन्तु इस झूठ के माध्यम से प्रभु को प्रसन्न करना चाहती है। सूर्पणखा की बात पर श्रीराम ने पहले तो सीताजी की ओर देखा कि तुम्हारा मन मेरे ऊपर आ गया है और मेरा मन तो सदैव इन्हीं (सीता जी) के पास रहता है 'सो मन सदा रहत तोहि पाहीं' (राम का सन्देश जो हनुमान जी ने सीता से कहा)। इसलिए प्रभु ने सीताजी की ओर देखकर यह संकेत किया कि तेरा मन भले ही इधर-उधर भटकता हो परन्तु मेरा मन तो इनके पास से कहीं जा ही नहीं सकता। दूसरी बात राघव ने यह भी संकेत किया कि मेरे पास तो मेरी स्वी है, इसलिए मैं तो तुझे स्वीकार नहीं कर सकता। हाँ, यदि तू चाहे तो जाकर लक्ष्मण से पूछ ले क्योंकि वे भी तो कामदेव को लज्जित करनेवाली सुन्दरता के स्वामी हैं सीतहि चितइ कही प्रभु बाता। अहड़ कुआर मोर लघु भ्राता। (मानस-3/16/11) सीता की ओर देखकर प्रभु ने सूर्पणखा को यह भी संकेत दिया कि तू माया के रूप से मायारूपिणी सीता के पति, अर्थात मायापति को पाना चाहती है, प्रभु का संकेत यह भी है कि जिसके पति को तू पाना चाहती है। वह राक्षस वंश के नाश का मूल है। प्रभु ने तो सूर्पणखा को देखा तक नहीं, सूर्पणखा की बात सुनकर राघव सीता की ओर देखने लगे, मानों वे जानकी का भाव भी देखना चाहते हों। जब श्रीराम ने सूर्पणखा से यह कहा कि 'अहइ कुआर मोर लघु भ्राता' (कुछ प्रतियों में कुआर के स्थान पर 'कुमार' शब्द पाया जाता है) तो सूर्पणखा ने इसका यह अर्थ लगाया कि श्रीराम ने यह कहा कि मेरा छोटा भाई लक्ष्मण अविवाहित है, प्रायः यही भाव सामान्य पाठक भी लगा लेते हैं और फिर इस पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं कि श्रीराम ने झूठ बोला? परन्तु गोस्वामी जी की शैली व भाव तथा अर्थगाम्भीर्य को बिना सन्त व सत्संगति के नहीं जाना जा सकता। ईश्वर ही सत्य है और सत्य ही ईश्वर है, राघव तो कभी झूठ बोले ही नहीं, वे झूठ बोलते भी क्यों? झूठ तो असमर्थ बोलते हैं सर्व समर्थ श्रीराम को झूठ बोलने की कभी आवश्यकता ही नहीं हुई। राजाओं के यहाँ पुत्रों को राजकुमार या कुमार विवाह के बाद भी कहा जाता है, यही नहीं, श्रीराम व लक्ष्मण को विवाह के बाद कई स्थानों पर 'कुर', 'कुमार' कहा गया है।



आत्माराम यादव पीव

# भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा स्वतंत्र भारत की पहचान विषय पर विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया


वेलकम इंडिया

**रामपुर।** रामपुर रजा पुस्तकालय एवं संग्रहालय में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ’तिरंगा स्वतंत्र भारत की पहचान विषय पर विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन आज दिनांक 12 अगस्त 2025 को पुस्तकालय के निदेशक डॉ० पुष्कर मिश्र जी द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह दरबार हॉल, रामपुर रजा पुस्तकालय में दोपहर 2:30 बजे आयोजित हुआ। प्रदर्शनी में भारतीय राष्ट्रीय ध्वज से सम्बन्धित दुर्लभ दस्तावेज, चित्र, पुस्तकें, और अन्य संग्रहणीय वस्तुएँ प्रदर्शित की गई हैं, जो भारत की स्वतन्त्रता संग्राम की गौरवगाथा और तिरंगे के इतिहास को दशार्ती हैं। इस अवसर पर पुस्तकालय के निदेशक डॉ० पुष्कर मिश्र जी ने कहा कि तिरंगा भारत की पहचान है। हाल ही में हमने तिरंगा यात्रा निकाली, जिसमें भाषा, मजहब, भू-भाग आदि सभी भेदभावों से परे




होकर रामपुर और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों ने भाग लिया। यह यात्रा गांधी समाधि से रजा पुस्तकालय तक निकाली गई थी। यह तिरंगा यात्रा रामपुर के इतिहास में ऐतिहासिक रही, जिसकी पूरे देश देश में चर्चा हुई। यह रामपुर रजा पुस्तकालय के अपने देश की मिट्टी के प्रति समर्पण भाव को भी दशार्ती दशार्ती है। यह झंडा, जो इतने गर्व से लहरा रहा है, आज पूरे विश्व में भारत की पहचान और सम्मान का प्रतीक है। तमाम परिस्थितियों के बावजूद, हम आज भारत के गौरवशाली और ऊँचे मस्तक को देख पा रहे हैं, जिसके पीछे अनगिनत बलिदान हैं। इस प्रदर्शनी में ऐसे अनेक उदाहरण प्रदर्शित किए गए हैं, जहाँ स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए लोगों ने प्राणों की आहुति दी, ताकि भारत गर्व के साथ अपना मस्तक ऊँचा रखकर रखकर विश्व समुदाय में सम्मानपूर्वक खड़ा रह सके। कुछ दशक पूर्व तक, जब कोई भारतवासी विदेश जाता था, तब हमें उस देश के रूप में देखा जाता था जो कभी ब्रिटिश उपनिवेश था। लेकिन आज हमने वह पहचान बदल दी है। वह ब्रिटेन, जिसने कभी भारत पर शासन किया था, आज हमारी अर्थव्यवस्था उससे कहीं अधिक है, और हम विश्व के शीर्ष पाँच देशों में शामिल हैं। भारत आज एक महाशक्ति के रूप में उभर चुका है। विश्व का सबसे शक्तिशाली देश भी भारत की ओर आँख उठाकर नहीं देख सकता, और यदि कोई दुस्साहस करता है तो उसे मुँहतोड़ जवाब मिलता है। भारत के इस गौरवशाली स्थान तक पहुँचने में महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, खुदीराम बोस, प्रीतिलता, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेख चंद्रशेख आजाद, अशफाक उल्ला खान जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महात्मा गांधी जब रामपुर आए थे, तो वे मौलाना जौहर के मेहमान थे। मौलाना जौहर की माता ने उन्हें स्वयं गांधी टोपी बनाकर दी, जो पूरे भारत में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पहचान बन गई और सभी उस टोपी को पहनने लगे। इतना ही नहीं, महात्मा गाँधी की अस्थियाँ रामपुर के नवाब जिनके नाम पर हमारा यह पुस्तकालय भी है। वह अस्थियाँ यहां लाए कुछ को कोसी नदी में विसर्जित किया और और कुछ अस्थियों को कलश में रख कर गाँधी समाधि स्थापित की। यह प्रदर्शनी 12 अगस्त 2025 से 25 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। पुस्तकालय प्रशासन ने सभी नागरिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और देशभक्तों से आग्रह किया है कि वे इस अवसर पर अवश्य पधारें और राष्ट्रीय धरोहर के इस अद्भुत संग्रह को देखें।इस अवसर पर आयोजित हुए कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शबाना अफसर द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री से बिजनौर के विकास के संबंध में विभिन्न विषयों पर वार्ता की



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर:** विधायक नहटौर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके शासकीय आवास, 5 कालीदास मार्ग लखनऊ में भेंट कर लोकसभा नगीना एवं विधानसभा क्षेत्र नहटौर में चौमुखी विकास हेतु विभिन्न प्रस्तावों को प्रस्तुत कर विकास कार्यों को शीघ्र कराए जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री के द्वारा सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए अतिशीघ्र सभी कार्यों को कराए जाने का आश्वासन दिया गया। 1- हल्दौर तहसील का सीमांकन पूर्ण कर भवन निर्माण कार्य कराए जाना। 2- नहटौर से बल्लाशेरपुर, ज्ञानपुर, भूरापुर, हुरनंगला होते हुए नगीना मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराए जाना। 3- एनएच 734 पुरैनी से सैदपुरी हुरनंगला, नैनपुरा सराय होते हुए बिजनौर कोतवाली मार्ग तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य कराए जाना।

# अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन रामपुर में किया मंगलवार परेड का निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा मंगलवार की परेड की सलामी लेकर रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद रिक्रूट आरक्षी एवं कर्मचारीगणों का टर्नआउट आदि चैक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, जिम, आरटीसी कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी, पुलिस मॉडर्न स्कूल आदि की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई आदि को चैक किया गया एवं कर्म0गणों का ओआर कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

# व्यापारी ने मंडी सचिव के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया

वेलकम इंडिया

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल तिलक नगर कॉलोनी से व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी साथी इकट्ठा हुए और मण्डी समिति डूंगरपुर पहुंचे कार्यालय पर पहुंच कर व्यापारी व पदाधिकारी ने मंडी सचिव के खिलाफ हाय हाय के नारे लगाकर विरोध जताया साथ ही मंडी सचिव को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया की मंडी समिति में कितनी समस्याएं हैं ज्ञापन मंडी सचिव मनोज सूरी को दिया गया इस अवसर पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि नवीन फ्रूट और सब्जी मंडी में जो दुकाने हैं वह बहुत छोटी बनाई गई है दुकानों के आगे चबूतरे भी दिए गए हैं वह ऊपर से खुले हुए हैं उन पर कोई साया नहीं दिया गया है जब मंडी शिफ्ट हुई थी तो फ्रूट और सब्जी मंडी दुकान वालों ने चबूतरे के ऊपर तिरपाल लगाकर टीन सैड लगवाए था वह जब से लगे हुए थे जिससे फ्रूट और सब्जी को बारिश के पानी और धूप से बचाया जा सके छोटी दुकानों में जगह ही नहीं है कि फुल गाड़ी का



माल उतार कर रखा जा सके मंडी प्रशासन की मनमानी द्वारा दुकानों के आगे लगे टीन शैडो को जेसीबी द्वारा ध्वस्त कर दिया गया है धुवस्तीकरण की सूचना व जानकारी मंडी सचिव द्वारा किसी भी दुकानदार को लिखित में नहीं दी गई जो नियम विरोध लाखों रुपए के टीन सेट बर्बाद कर दिए गए फ्रूट और सब्जी मंडी की छोटी दुकानों में फ्रूट और आलू प्याज और किसानो की सब्जी बर्बाद हो रही है काफी बड़ा नुकसान हुआ है साथ ही मांग की मंडी समिति द्वारा दुकानों के आगे चबूतरो पर सेट लगावाए जाएं नवीन मंडी में लगभग 75 प्रतिशत जमीन खाली है उसमें दुकान और पक्के टीन शैड बनवाकर दिए जाएं जिससे जो लोग खुले स्थान पर बेचने का कार्य करते हैं वह किसानों का माल बारिस के पानी व धूप में खराब होता है जिससे उनको सुविधा हो सके और उनकी जो बबार्दी और नुकसान हो रहा है।

# बदहाली के आंसू रोता गांव, बरसात के मौसम में जमा हो जाता है बारिश का पानी

वेलकम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के नजीबाबाद - ब्लॉक नजीबाबाद के ग्राम छोटी ज्वाली आज भी सफाई के मामले में बदहाली के आंसू रो रहा है। साफ - सफाई को लेकर गांव के प्रधान अंजान बने हुए हैं। पंचायत घर पर जाने वाली सड़क पर गंदगी के अंबार लगे हुए हैं और बरसात में हालत और भी ज्यादा खस्ताहाल हो गए हैं क्योंकि बारिश का पानी जमा हो जाने से चारों तरफ कीचड़ खाबड़ और गंदेगी ही गंदेगी की फैली हुई है चारों ओर गंदा पानी जमा है, जिसमें जहरीले मच्छर और कीड़े पैदा हो रहे हैं और प्रतिदिन गांव वालों का उधर से आना-जाना लगा रहता है और इसी रास्ते से होकर नन्हे मुन्ने बच्चे भी स्कूल आते जाते हैं जो इस कीचड़ और गंदगी का सामना कर गुजर रहे हैं। इस गंदगी और बरसात के भरे हुए पानी से जानलेवा बीमारी होने का भय बना हुआ, परंतु ग्राम प्रधान का ध्यान इस ओर नहीं है और अगर ध्यान है तो वह इससे अंजान बने हुए हैं। जब इस संबंध में ग्राम प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया बारिश होने की वजह से पानी भर गया था जिसकी वजह से गंदगी हो रही है और जल्द ही काम कर दिया जाएगा, यानी कुल मिलकर बरसात के पानी का निकासी का कोई रास्ता नहीं है जिसकी वजह से गंदगी के अंबार लगे हैं। वहीं जब इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव नीरज कुमार से जानकारी लेना चाहिए उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

# गोहावर मंडल में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** स्वतंत्रता दिवस अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा नूरपुर विधानसभा के गोहावर मंडल में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर तिरंगे के सम्मान की भावना व राष्ट्रीयता अखंडता और देशभक्ति को जागृत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि आकांक्षा चौहान ब्लॉक प्रमुख नूरपुर, इंजीनियर कविश राणा अध्यक्ष मंडल मुरादाबाद अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, नरेश भाटी जिला महामंत्री रहे। मंडल अध्यक्ष विनय चौहान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया गया यह तिरंगा यात्रा श्री राम बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोहावर से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गो से होते हुए मेन बाजार गोहावर मे होते हुए श्री राम सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज गोहावर पर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल लोग हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के नारे भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष से माहौल राष्ट्र भक्ति में रंग गया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य और समस्त स्टाफ के द्वारा स्वागत किया गया। इस तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के युवाओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। यात्रा के दौरान सुनील सैनी, मयंक चौहान, प्रवीण कुमार, राघव प्रताप सिंह, सौरभ चौहान, निपेंद्र चौहान बीडीसी, नितिन सैनी, गौरव खटाना, योगेंद्र त्यागी, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, राजपाल सिंह अध्यक्ष, किरन चौहान युवा वर्ग और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया युसुफपुर बखरपुर तटबन्ध का निरीक्षण



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर।** मालन नदी की बाढ से प्रभावित युसुफपुर बखरपुर तटबन्ध का जिलाधिकारी जसजीत कौर ने स्थलीय निरीक्षण किया। गौरतलब है कि सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी जी-जान से रात दिन बाढ नियंत्रण एवं सुरक्षात्मक कार्य में लगे हुए हैं। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त जनपदीय बाढ समन्वय अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर अवधेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता पी.के.जैन, पुनीत कुमार अग्रवाल, जूनियर इंजीनियर शिवेन्द्र भारद्वाज, नरेश कुमार, गौरव कुमार, गजेंद्र सिंह, नासिर हुसैन, रंजन भारद्वाज एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। सिंचाई विभाग की टीम तन्मयता से दिन रात बाढ से बचाव कार्य में लगी हुई है । सिंचाई विभाग की टीम ने युसुफपुर बखरपुर तटबन्ध की सुरक्षा हेतु पूरी ताकत झोंक दी है। युसुफपुर बखरपुर तटबन्ध पर अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा स्वंय डेरा डाले हुए हैं। उनके द्वारा जनपद में प्रवाहित नदियों के जलस्तर, कटाव निरोधक आदि कार्य की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग धामपुर की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र कार्य सम्पादित कराने के निर्देश दिए। युसुफपुर बखरपुर बंधे की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर सम्पादित कराया जा रहा है।

# आवारा घोड़े व छुट्टा पशुओं व को पकड़ने के लिए नपं ने चलाया पशु पकड़ो अभियान

असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ नगर पंचायत प्रशासन ने मंगलवार को नगर में घूम रहे छुट्टा पशुओं व घोड़ों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान 46 पशुओं व नौ घोड़ों को पकड़ा गया। पशुओं को गोशाला भेजा गया और घोड़ों को उनके मालिकों के घरों में बधवा कर मालिकों को नोटिस दिया गया। कहा गया कि यह घोड़े नगर में दिखे तो कार्रवाई करने के साथ जुमार्ना भी वसूला जाएगा।

शोहरतगढ़ नगर कस्बे में गत दिनों एक मासूम के पैर में घोड़े की खुली रस्सी फंस गई और घोड़ा बेकाबू होकर 300 मीटर घसीटता ले गया। इससे बालक गंभीर रूप जख्मी हो गया था। इस घटना से पूरा कस्बा दहल गया था। इसको लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने मंगलवार को नगर की गलियों, सड़कों और तहसील परिसर में घूम रहे आवारा 46 पशुओं को पकड़वाकर गोशाला भिजवाया साथ सड़कों गलियों में घूम रहे घोड़ों को पकड़वाकर उनके मालिकों के घर बंधवा दिया। शोहरतगढ़ नपाध्यक्ष उमा अग्रवाल ने कहा कि जिन लोगो के घोड़े घूम रहे थे। उनको उनके घर बंधवा कर नोटिस दिया गया है। इसके बाद वह सड़क व गलियों में दिखाई दिए तो उनके मालिकों पर कार्रवाई के साथ-साथ जुमार्ना वसूल किया जाएगा। कहा नगर में घूम रहे 46 छुट्टा पशुओं को गोशाला भिजवा दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर इंद्रप्रस्थ कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित

वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी

**सहारनपुर/ नागल।** इन्द्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी , सहारनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर संस्थान परिसर में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में न केवल संस्थान के छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने, बल्कि आसपास के समुदाय के लोगों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर मानवता के

> ■ युवाओं और समाज के सभी वर्गों को इसमें सक्रिय रूप से हिस्सा लेकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए।

इस महापर्व को सफल बनाया।कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. अंजू वालिया , एस.बी.डी बाजोरिया अस्पताल से आए अतिथिगण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। संस्था की निदेशक डॉ अंजू वालिया ने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि रक्तदान केवल एक सेवा कार्य नहीं, बल्कि यह किसी के जीवन को बचाने का संकल्प है। युवाओं और समाज के सभी वर्गों को इसमें सक्रिय रूप से हिस्सा लेकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक श्री ब्रजनरेश ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, समुदाय के लोगों, चिकित्सा टीम, स्वयंसेवकों और संस्थान परिवार का हृदय से धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से छात्रों में निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना प्रबल होती है।शिविर के दौरान रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच की गई और रक्तदान करने वालों को प्रमाणपत्र एवं आभार पत्र प्रदान किए गए। रक्तदान शिविर में कुल 35 यूनिट रक्त दान किया गया। आयोजन ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के संदेश—₹युवा शक्ति, राष्ट्र की शक्ति₹—को साकार रूप दिया और समाज में एकता, सेवा और मानवता का संदेश फैलाया।



# मुख्य मंत्री डैशबोर्ड पर उद्योग विभाग की रैंक लगातार खराब होने पर डीएम ने उपायुक्त उद्योग को विभागीय उच्च अधिकारियों से बात करने के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य मंत्री डैशबोर्ड, निर्माण कार्य से संबंधित बैठक आयोजित हुई।जिलाधिकारी ने पिछले माह की अपेक्षा इस माह में जिले को अच्छी रेंक प्राप्त होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए कार्य प्रगति को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उद्योग विभाग की रैंक लगातार कम पाए जाने पर नाराज व्यक्त करते हुए उपयुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि ओडीओपी सहित अन्य बिंदुओं पर रैंक में सुधार लाने के लिए अपने विभागीय उच्च अधिकारियों से बात करें ताकि सीएम डैशबोर्ड पर रैंक में अपेक्षित सुधार लाया जा सके। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने विभागों की योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें और सीएम डैशबोर्ड पर शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करते हुए जिले को सीएम डैशबोर्ड पर टॉप टेन जिलों में लाने के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से लें और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार गहनता के साथ जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है।जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि शासन स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली की नियमित रूप से मानिटरिंग की जा रही है।

अतः सभी विभागीय अधिकारी अपने विभागीय कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत संपादित करें क्योंकि भविष्य में सभी शासकीय कार्य इसी प्रणाली के अंतर्गत संपादित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने बैठक में परिवहन विभाग, जी०एस०टी० विभाग, बाट माप विभाग, आबकारी विभाग, खनन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई, जल संसाधन विभाग, आपदा विभाग आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य की प्रगति बनाए रखें और किसी भी अवस्था में रैंक को न गिरने दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी कौशलेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी/धर्मवीर सिंह, अधिशासी अभियंता, आरईएस, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।


# चैयरमैन प्रतिनिधि ने निकाली हर घर तिरंगा यात्रा स्वच्छता का दिया संदेश



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में मंगलवार को 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर पंचायत कार्यालय से शुरू हुई। यात्रा भारत माता चौक, वर्मा गली, नीबी दोहनी, पुलिस पिकेट और राम जानकी मंदिर होते हुए गड़ाकूल तिरंगा चौराहे पर समाप्त हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि तिरंगा भारत का गौरव और अभिमान है। उन्होंने देश के वीर जवानों के बलिदान को याद किया। नगर पंचायत अध्यक्ष उमा अग्रवाल ने कहा कि तिरंगे में 140 करोड़ देशवासियों की भावनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का भी जिक्र किया। इस अवसर पर नगर पंचायत के ईओ सचिन कुमार, अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, विपिन सिंह, रमेश मणि त्रिपाठी, संजय कौशल मनीष श्रीवास्तव, समेत कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी प्रतिभागियों ने वीर जवानों को नमन किया।कार्यक्रम में संयोजक अजय उपाध्याय रहे। इस दौरान दिनेश यादव, विवेक यादव, हरि ओम, गौरव कसौधन, अजय वर्मा, विकास त्रिपाठी, वकील खान, अशरफ अंसारी, शिवरतन कनौजिया, अनूप कसौधन, हैदर अली, इमरान खान, ब्रह्मदेव प्रसाद और मनोज चौहान आदि मौजूद रहे।

# कोसीकलां में मूसलाधार बारिश से चौपट हुईं किसान की फसल



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** कोसीकलां में पिछले कई दिनों से हुई मुसलाधार बारिश के कहर से आस-पास क्षेत्र के किसानों की खेतों में खड़ी धान और ज्बार की फसल पूरी तरह जलमग्न होने से चौपट हो गईं। किसानों के खेतों में चारों तरफ घुटनों से ऊपर तक पानी भर चुका है।जिससे किसानों के मुताबिक उनकी ज्वार, और धान की फसलों में भारी नुकसान हुआ है। गोपाल बाग स्थित बांके बिहारी कालोनी में रहने वाली महिला सुखमंती ने बताया है कि उन्होंने जैसे-तैसे फसल में लागत लगाई थी। और खेत में पानी भरने से सात बीघा फसल पूरी तरह से खराब हो गई। बारिश के कारण खेत में जल-भराव होने से नष्ट हुई ज्वार की फसल को महिला ने अपने हाथों में लेकर दिखाते हुए शासन प्रशासन और जिलाधिकारी से पानी की निकासी कराने और नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिलवाने की गुहार लगाई है।

# चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने अपने निजी खर्च से विधानसभा नजीबाबाद के अनेक ग्राम मैं लाइट्स लगवाने का कार्य कराया

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के नजीबाबाद। आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी व नगर पंचायत साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी नजीबाबाद विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में अपने निजी खर्च से जनहित कार्य कर लोगों को राहत पहुचा रहे है। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी के द्वारा नजीबाबाद विधानसभा के लोगो द्वारा उनकी प्रशंसा के साथ बड़ी संख्या में लोग आजाद समाज पार्टी से जुड़ रहे है बरसात के मौसम में शहरों के मुकाबले ग्रामीण लोगों का जीवन थोड़ा मुश्किलो भरा हो जाता। इन दिनों में सब से बड़ी समस्या गांवों में लाइट की रहती है। गांव के गली मौहल्लो में स्ट्रीट लाइट तो होती पर ज्यादा तर विधुत खंम्बो पर बल्ब नही होते है व स्ट्रीट विधुत लाइने भी अस्त व्यस्त रहती है। जिस से अंधेरे में चोरी और बिच्छू व कीडे काटे की संभावना बढ जाती है। जिस का संज्ञान लेने हुए चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने विधानसभा नजीबाबाद के ग्राम



किशोरपुर एत्माली (रम्मनवाला) व ग्राम आलम सराय में शाहनवाज और प्रधान और गाँव वासियों की मांग और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने निजी खर्च से उपरोक्त गाँवो में खुद पहुंच लाइट्स लगवाने का कार्य कराया। ताकि बरसात के मौसम में लोगों को सुरक्षित और सुविधा युक्त माहौल मिल सके इस मौके पर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा के हर गांव को रोशनी से जगमगाना मेरा संकल्प है। मेरा ये भी प्रयास है कि हर गाँव, हर गली में रौशनी फैले और गांव वासी और उन का परिवार सुरक्षित रहे। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि ना सिर्फ बिजली की, बल्कि आजाद समाज पार्टी नजीबाबाद विधानसभा में विश्वास और विकास के लिए संकल्प ले चुकी है।

# डीएम ने उर्वरक की दो दुकानें कराई सील,एक पर केस दर्ज करने का दिया निर्देश

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**तुलसियापुर/सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने मंगलवार को शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र मे खाद की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दो दुकानों पर अनियमितता मिलने पर उन्हें सील कराया। एक के लाइसेंस निलंबित और दूसरे पर केस दर्ज कराने के निर्देश दिए।शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के केवटवी चौराह तुलसियापुर में निरीक्षण किया। इस दौरान मेसर्स कृष्णा खाद भंडार की दुकान बंद पाई गई।

डीएम ने मौके पर दुकान को सील करा दिया। उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ को निर्देश दिया कि बुधवार को निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करें। इसी क्रम में किसान कृषि सेवा केंद्र बैरिहवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। 598 बोरी खाद के सापेक्ष 150 बोरी खाद कम पाई गई। डीएम ने दुकान को सील कराते दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया।इसके साथ ही संबंधित पर केस दर्ज कराने के निर्देश दिए। जबकि गौरा बाजार के मेसर्स शकील खाद भंडार गौरा बाजार औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। स्टॉक सही पाया गया। डीएम ने जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल को निर्देश दिया कि वितरण रजिस्टर में मोबाइल नंबर व आधार नंबर एवं खेत का रकबा अवश्य दर्ज कराएं।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को खिलाई गई एल्बेण्डाजॉल गोली

**वेलकम इंडिया**




**प्रयागराज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पी.ए.सी. नैनी, नगर क्षेत्र प्रयागराज में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कार्यक्रम संयोजक श्री मुहम्मद रिजवान के निर्देशन में हुआ। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ.प्र., लखनऊ एवं जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज के आदेश तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देश के अनुपालन में यह अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को कृमि संक्रमण एवं एनीमिया से बचाना है। विद्यालय में 6 से 14 वर्ष के सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षकों के माध्यम से एल्बेण्डाजॉल 400 मि.ग्रा. की गोली चबाकर या पीसकर खिलाई गई। जो छात्र 11 अगस्त 2025 को अनुपस्थित रहे, उन्हें 14 अगस्त 2025 को मॉप-अप दिवस के तहत दवा दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक श्री राशिद महमूद और आशा कंचन ने बच्चों को दवा खिलाई। इस अवसर पर श्री मुहम्मद रिजवान ने कहा कि कृमि संक्रमण बच्चों के शारीरिक एवं बौद्धिक विकास को प्रभावित करता है। प्रधानाध्यापक श्री राशिद महमूद ने छात्रों को नाखून छोटे रखने, साफ पानी पीने, फलों-सब्जियों को धोकर खाने, खुले में शौच न करने और पैरों में जूते-चप्पल पहनने की आदत डालने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया



**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर** /गौरीशंकर कन्या महाविद्यालय, बुलन्दशहर में एंटी रैगिंग दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया।इस आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में रैगिंग जैसी विचारधारा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा आपसी सद्भाव को प्रोत्साहित करने वाले रैगिंग मुक्त परिसर का संकल्प दोहराना रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ छात्राओं ने कनिष्ठ छात्राओं को यह आश्वासन दिया कि महाविद्यालय में रैगिंग जैसी कोई गतिविधि नहीं होती तथा सभी छात्राएं आपसी सौहार्द और सम्मान के साथ शिक्षा प्राप्त करती है। एंटी रैगिंग टीम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल पूर्णिमा सिंह एवं डॉ0 एकता पाण्डेय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 अंशु बंसल ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि रैगिंग एक गंभीर अपराध है और महाविद्यालय में इसके प्रति शून्य सहिष्णुता नीति अपनाई जाती है। उन्होंने छात्राओं को आपसी सहयोग, मित्रता और सुरक्षित शैक्षिक वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया।

# हर दिन चोरी का मामला बढ़ता जा रहा है दहशत में ग्रामीण रात रात भर जागने को मजबूर

**एहसान अंसारी**



**बांका:** चांदन प्रखंड आनंदपुर ओपी क्षेत्र में हर दिन चोरों का मामला सामने आ रहा है। असुढां पंचायत जिरोपहरी गांव में 15 दिन में 2 घरो में चोरों ने अपना शिकार बनाया है, चोरों का हौसला इतना बुलंद है कि जहां से जिस गांव घर से 2 लाख से ज्यादा जेबर और नकद राशि ले गया , वही से उसी घर के पड़ोस में घर को निशाना बनाया मैंन गेट तोड़ने में नाकाम रहा तो गौशाला से 2 बकरे ले गया उठाकर, वही सोमवार रात में कई गांव के घरों में घुसने की कोशिश किया लेकिन हल्ला चिल्लाने पर भागने में सफल रहा है।ग्रामीण वासियों का कहना है साड़ी के लिबास में आता है। वही कुछ ग्रामीण का कहना है रात 10 बजे के बाद 3 बाइक जो मुंह पर कपड़ा लगाकर रेकी करता है। अब तक चोर पुलिस के पकड़ से बाहर है। सोमवार रात असुढां पंचायत जिरोपहरी गांव के पत्रकार एहसान अंसारी के बड़े पापा उद्दीन मियां के घर के सामने चापाकल में लगे मोटर खोलने की कोशिश किया आरी से पाइप काटा गया लेकिन वहीं पास में गौशाला में बधे की हरकत की वजह से और मोटर को मोटा तार में बाधा गया था जल्दी वाजी में मोटर खोलने में नाकाम रहा जानवरों की हरकत और आवाज से उद्दीन मियां की नींद खुल गया जब तक बाहर आता चोर भागने में सफल रहा, हर दिन ग्रामीण वासियों को एक डर के साए में रहने पर मजबूर है। उन्हें कोई बड़ा अनहोनी होने की डर सताने लगा है। रात रात भर जागने पर मजबूर है।

# मनमोहक विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया जायेगा पन्द्रह अगस्त : जिलाधिकारी

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को परंपरागत और सादगीपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कलक्ट्रेट सभागार में डीएम डॉ. राजा गणपति आर की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुबह आठ बजे कलक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया जाएगा और इसी तरह समस्त विभागों एवं शिक्षण संस्थाओं आदि में अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जायेगा। पूर्व की भांति सरकारी भवनों, चौराहों पर सजावट कराई जाएगी। सुबह सात बजे स्कूली बच्चों की ओर से प्रभात फेरी निकाली जाएगी। 10 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर दौड़ प्रतियोगिता बालक एवं बालिकाओं की, खेल स्टेडियम में कराई जाएगी। जिला चिकित्सालय में मरीजों में फल वितरण, ब्लड बैंक (जिला चिकित्सालय) में रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास, देश पर शहीद हुए देश भक्तों के जीवन प्रसंग दोहराए जाएं, जिससे राष्ट्रीय चेतना जागृत हो। नाटक, विचार गोष्ठी वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।बैठक में सीएमओ डॉ. रजत कुमार चौरसिया, एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्या, पीडी नागेंद्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ सतीश सिंह, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, डीआईओएस अरुण कुमार, बीएसए शैलेष कुमार आदि मौजूद रहे।

# बागेश्वर में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने और देशवासियों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के सम्मान को विश्व मे कीर्तिमान बनाने के उद्देश्य से देश भर में भाजपा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया है।जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यकताओं ने भारत माता की जयकारे लगाते हुए तिरंगा यात्रा निकाली। जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया के नेतृत्व में यात्रा बीजेपी कार्यालय से शुरू हुई तिरंगा यात्रा नगर में सभी प्रमुख स्थानों पर पहुंची। 11 अगस्त से चल रही इस यात्रा का लक्ष्य 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा लहराना, और देश के मान संम्मान को गौरवान्वित कर विश्व मे तिरंगा सम्मान यात्रा के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की गाथा और देशवासियों में तिरंगे के प्रति सम्मान को विश्व पटल पर एक कीर्तिमान के रूप में स्थापित करना है।जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। जिलाध्यक्ष प्रभा गढ़िया के नेतृत्व में कार्यकताओं ने भारत माता की जय के नारे से पूरे नगर में तिरंगा झंडे के साथ देशप्रेम का संदेश दिया। 11 अगस्त से यह तिरंगा यात्रा चल रही है। जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से देश भक्ति के कार्यक्रमों को हर्षोल्लास के साथ आयोजित करते हुए देश के एकता एवं अखण्डता के प्रति संकल्प लेते हुए हर घर तिरंगा तिरंगा यात्रा अभियान आयोजित करती है। दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व, सेना का शौर्य एवं पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से हमारे देश के जवान तिरंगे की आन बान शान के लिए अपने प्राणों का बलिदान करते हुए देश की रक्षा करते है। सेना के शौर्य सम्मान एवं बलिदान को नमन करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिलाध्यक्ष गढ़िया ने कहा कि 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने का उनका लक्ष्य रखा गया है। मंडलों में भी तिरंगा यात्रा कर हर घर तिरंगा फहराया जाएगा। इस मौके पर दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, विधायक प्रतिनिधि भास्कर दास, नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, यात्रा के जिला संयोजक और जिला महामंत्री संजय परिहार,सह-संयोजक दीपा आर्या मीडिया प्रभारी प्रकाश शाह,जिला उपाध्यक्ष खड़क सिंह टंगड़िया रवि करायत, आदर्श कठायत, ज्योति दास,दरवान सिंह बिष्ट, विवेक तिवारी,विनोद रौतेला मनीष रौतेला, दरपान सिंह रौतेला भूपेन्द्र रौतेला,दिवान रौतेला, प्रशांत तिवाड़ी भावना गढ़िया, विमला कपकोटी हेमा धपोला आदि मौजूद रहे।

# एतिहासिक तिरगा यात्रा का ब्लाक प्रमुख सत्यम ओझा ने किया नेतृत्व


**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़ ।** जनपद मे इस समय जगह जगह तिरगा यात्रा की धूम है ।जिसका कही नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने तो कही निर्वतमान विधायक धीरज ओझा तो कही भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज ओझा ने किया ।तिरगा यात्रा के इस क्रम मे विकास खण्ड शिवगढ़ में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा विकास खण्ड परिसर से भगवतगंज बाजार तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक यात्रा में सम्मिलित होकर निवर्तमान विधायक रानीगंज अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा जी के भतीजे एवं ब्लॉक प्रमुख सत्यम ओझा जी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक तिरंगा झण्डा लगाकर आजादी का जश्न मनाएँ। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी श्री संजय नारायण झा, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत/आईएसबी) श्री शिव कुमार श्रीवास्तव, श्री ज्ञान प्रकाश पांडेय समेत ब्लॉक के समस्त कर्मचारीगण एवं निवर्तमान विधायक रानीगंज धीरज ओझा जी की मीडिया प्रभारी आयुष महेंद्र, अमरीश मिश्रा, गौरव तिवारी, अखिल सिंह डेविड आदि लोग उपस्थित रहे ।यह भव्य आयोजन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हर घर तिरंगा अभियान और उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सशक्त नेतृत्व से प्रेरित रहा। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम्‌ के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा, और लहराते तिरंगों की कतारों ने एक अद्वितीय, प्रेरक और अविस्मरणीय दृश्य प्रस्तुत किया।



## साहिबाबाद मंडी से हिन्दू व्यापारी कहां विलुप्त हो गए - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

**वेलकम इंडिया**



साहिबाबाद में जो गोली चली वह जांच का विषय है मंडी में किन लोगो के पास वैध और किनके पास अवैध हथियार यह भी जांच का विषय है ।मंडी में जिन फल व्यापारियों के पास सब्जी एवं फल विक्रय करने का लाइसेंस क्या वह सभी मानकों का पालन कर रहे हैं यह भी जांच का विषय है लेकिन इन सबसे अलग सब्जी और फल मंडियों की स्थिति का अवलोकन भी करना चाहिए ।मंडी से धीमे धीमे सभी हिन्दू व्यापारियों का व्यापार समाप्त हो जाना , मंडियों में मजहबी समाज का एकाधिकार होना , जरा जरा सी बात पर ग्राहकों से अभद्र भाषा का उपयोग करना यहाँ तक की यदि ग्राहक महिला हो तो भी शर्म न करना, चलते फिरते फब्तियां कसना क्या यह सब उचित है क्या कारण है की हिन्दू व्यापारियों को साहिबाबाद सब्जी मंडी से पलायन करना पड़ा अनेक प्रकार की असभ्य घटनाएं साहिबाबाद मंडी में होती रहती है पर न तो यह बात चर्चा का विषय बनती है और न ही इन पर कोई कार्यवाही होती है ।ठेकेदार प्रथा की ताकत इतनी की चाहे कितना ही बड़ा झगड़ा मंडी के व्यापारियों द्वारा कर लिया जाय पर उन्हें अपने संरक्षक पर पूरा विश्वास रहता है की उन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होगी और होता भी ऐसा ही है ।अब फल, सब्जी जैसे आवश्यक वस्तुओं पर इस प्रकार का मजहबी समाज का एकल कब्जा समान्य नागरिक के लिए तो पीड़ादायक ही है सत्य कहिये तो जो जागरूक और सभ्य समाज का व्यक्ति है वो बढ़ती मजहबी संख्या के आतंक के भय से मंडी जाने से भी भयभीत होता है अब इसका समाधान संवैधानिक रूप से होगा या आक्रोशित जनता के प्रतिकार से यह तो भविष्य पर ही निर्भर है सुनने में तो यहां तक भी आता है की मंडी में जिस स्थान पर मस्जीद बनी है वह जमीन मंडी की सरकारी जमीन है यदि ऐसा है तो गंभीर और चिंताजनक है की सरकारी संसाधनो पर मजहबी कब्जा किसके संरक्षण में हो रहा है ।

## जिला अपराध निरोधक कमेटी ने जिला कारागार परिसर में किया शिविर का आयोजन



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रतिवर्ष की तरह भारी संख्या में महिलाओं का आगमन जिला कारागार में हुआ। उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोध समिति लखनऊ के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार जिला अपराध निरोधक कमेटी ने जिला कारागार परिसर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया इस अवसर पर बाहर से 1549 महिला एवं 767 बच्चे इस प्रकार कुल 2316 परिजन अपने कुल 898 बंदियों से मुलाकात हेतु कारागार पर आये तथा 10 पुरूष भी बाहर से कारागार में निरूद्ध अपनी बहनों से राखी बंधवाने कारागार पर आये उनकी मुलाकात भी करायी गयी। कारापाल सुरेंद्र मोहन ने बताया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पदाधिकारियों के द्वारा कारागार के बाहर मुलाकात के लिए आने वाली महिलाओं के पीने हेतु शीतल जल एवं शरबत का काउन्टर लगवाया गया।उनके द्वारा सभी के लिए एक-एक पैकट पारले बिस्कुट एवं बच्चों के लिए चॉकलेट की व्यवस्था करायी गयी।कारागार के अन्दर भी एक बड़ा टेन्ट लगवाया गया जिसमें बड़े कूलर लगवाये गये तथा मुलाकात स्थल पर शीतल जल का प्रबन्ध कराया गया।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के आगरा मंडल सह सचिव अचल तिवारी, मुकुल शर्मा जिला सचिव योगेश अग्रवाल, महानगर सचिव डॉ पी.सी वार्ष्णेय,विष्णु राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## गोवर्धन अग्रवाल समाज के अतिथि भवन हेतु बाँके सिंघल पेलखू वालों ने दी भूमि दान

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन।** अग्रवाल समाज रजि के पदाधिकारी एवं आजीवन सदस्यों की एक बैठक होटल चंद्रा गार्डन मे 11 अगस्त सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता अग्रवाल समाज गोवर्धन रजि के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल बांचे लाला ने की, बैठक मे सर्वप्रथम अब तक समिति द्वारा किये गए कार्यों की जानकारी महामंत्री लक्ष्मीचंद उर्फ विनोद अग्रवाल गाँठोली वालों ने दी।

बैठक उस समय सार्थक हो गयी जब भामाशाह समाजसेवी बाँके बिहारी सिंघल पेलखू /भरनाखुर्द वालों ने बरसाना रोड सकितरा के पास स्थित अपनी भूमि का रजिस्टर्ड दानपत्र अग्रवाल समाज गोवर्धन रजि को सौंपा। ज्ञातव्य है कि गोवर्धन अग्रवाल समाज के पास अभी तक कोई भूमि नहीं थी जिस पर समाज की कोई धर्मशाला / अतिथि भवन बनाया जा सके। तीर्थ स्थल होने के कारण देश विदेश के समाज के बंधु भी गोवर्धन आते हैँ और ऐसे स्थान पर समाज का अतिथि भवन न होना समाज के लिए रिक्तिता दशार्ता था जिसकी पूर्ति आज बाँके बिहारी सिंघल जी ने भूमि दान कर पूरी कर दी। दानदाता बाँके बिहारी जी ने कहा कि यह मेरा एक संकल्प था जो आज पूरा हो गया... अब सभी अग्रवाल बन्धुयों से निवेदन है कि वे सभी एकजुट प्रयास करके गोवर्धन मे इस जगह पर भव्य अग्रवाल सेवा सदन की स्थापना करें जिससे सभी को उसका लाभ मिल सके। बैठक मे सभी ने दानदाता बाँके बिहारी सिंघल एवं उनके पुत्र रवि सिंघल का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल बांचे लाला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाँके बिहारी सिंघल, उपाध्यक्ष गिरधारी सिंघल व मुकेश गर्ग, महामंत्री लक्ष्मीचंद उर्फ विनोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन मित्तल, मंत्री बाँके सिंघल भगत जी, राजू देवसेरस वाले, गज्जू अग्रवाल, भंडारी दीनू गर्ग, आडिटर श्रीनाथ गर्ग, आजीवन सदस्य विजय गोयल महावन वाले, संतोष अग्रवाल, विष्णु सिंघल, लक्ष्मण गर्ग, राकेश देवसेरस वाले, विजय गोयल डेरी, पवन मित्तल, आशु सिंघल, विन्नू गोयल, मनीष अग्रवाल, दीपक मित्तल, मोहित अग्रवाल, कान्हा बंसल, सुमित ऐरन, मोहित गोयल, शुभम अग्रवाल, विवेक सिंघल, रवि सिंघल सहित बहुत से अग्रबंधु उपस्थित थे।

## लोकदल जिला अध्यक्ष ने की पालिका अध्यक्ष के साथ मुलाकात



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** रालोद जिला अध्यक्ष ने पालिका अध्यक्ष का हाल-चाल जाना, साथ ही उन्होंने कार्यकताओं के साथ बैठक कर 2027 के चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया। इस दौरान दर्जनों लोग मौजूद रहे।कई माह पूर्व पालिका अध्यक्ष हाजी नजमुल इस्लाम एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। सड़क हादसे में घायल होने के बाद उनका उपचार दिल्ली के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। कई माह पूर्व स्वस्थ होने के बाद पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम कई दिन पूर्व कस्बे में पहुंचे थे।कस्बे में पहुंचने पर उनके समर्थक लगातार उनका हाल-चाल जानने आ रहे हैं।मंगलवार को रालोद के जिला अध्यक्ष वाजिद अली अपने काफिले के साथ पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम के आवास पहुंचे और उनका हाल-चाल जाना। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का हाल-चाल जानने के बाद उन्होंने कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने कार्यकताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया।उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रालोद हमेशा किसान, मजदूर, गरीब लोगों के हकों की लड़ाई लड़ रही है।उन्होंने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा बहुत सारी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है।

## मैक्स हॉस्पिटल, नोएडा ने मथुरा में शुरू की विशेष स्पाइन सर्जरी ओपीडी



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा ने शहर के डॉ. मनीष फिजियोथेरेपी एंड रिहैब क्लिनिक, के सहयोग से स्पाइन एवं डिफॉर्मिटी करेक्शन ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की है।

इस ओपीडी सेवा का शुभारंभ मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी की उपस्थिति में हुआ। वे प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। ओपीडी लॉन्च के अवसर पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, नोएडा के स्पाइन सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. प्रमोद सैनी ने कहा, ह्वरीढ़ से जुड़ी ज्यादातर समस्याओं, विशेषकर पैरों तक फैलने वाले पीठ दर्द का इलाज बिना सर्जरी के ही सफलतापूर्वक किया जा सकता है।हम आमतौर पर दवाओं, फिजियोथेरेपी, पॉश्चर सुधार, पर्याप्त आराम और रीढ़ पर दबाव कम करने वाले विशेष व्यायाम के संयोजन से उपचार की शुरूआत करते हैं।यदि मरीज को इससे भी आराम नहीं मिलता, तो एपिड्यूरल इंजेक्शन जैसे लक्षित उपचार पर विचार किया जाता है। अधिकांश मरीज दवा, फिजियोथेरेपी, आराम और व्यायाम से ठीक हो जाते हैं, लेकिन कुछ मरीज जिन्हें इन उपचारों से लाभ नहीं होता, उन्हें सर्जरी की आवश्यकता पड़ती है ह्व डॉ. सैनी ने आगे कहा, आजकल हम कम उम्र के मरीजों में भी पीठ और गर्दन की समस्याएं देख रहे हैं, जिसका मुख्य कारण निष्क्रिय जीवनशैली, लंबे समय तक स्क्रीन का उपयोग और घंटों एक ही जगह बैठना है।डिजिटल आदतें, गलत बैठने का तरीका और शारीरिक गतिविधि की कमी रीढ़ पर अत्यधिक दबाव डाल रही हैं। समय रहते समस्या की पहचान, जीवनशैली में सुधार और उचित इलाज से लंबे समय तक रीढ़ की सेहत को बनाए रखा जा सकता है। इस ओपीडी सेवा की शुरूआत का उद्देश्य मथुरा और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को एडवांस्ड स्पाइन सर्जरी सेवाएं उनके ही शहर में उपलब्ध कराना है, ताकि स्थानीय निवासियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं अपने घर के पास ही मिल सकें।

## भूरा पहलवान भाकियू अराजनीतिक के बने जिलाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक में गांव सिहोरा निवासी भूरा पहलवान को संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों ने मथुरा का जिलाध्यक्ष बनाया। किसान नेता भूरा पहलवान ने कहा कि वह पूरी ईमानदारी के साथ संगठन और किसान हितों में कार्य करेंगे। भूरा पहलवान के नेतृत्व में प्रेम भरंगर मंडल उपाध्यक्ष,सुरेंद्र उर्फ होल्लु प्रधान सलाहकार, जिला कोषाध्यक्ष पोहप सिंह, जीतू चौधरी जिला उपाध्यक्ष, अशोक चौधरी जिला सचिव,जिला उपाध्यक्ष भीमा चौधरी,चन्डु चौधरी जिला सचिव, राजकुमार गंधार जिला संगठन मंत्री, देव चौधरी जिला उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष मुजाहिद कुरेशी, फैजान कुरेशी महानगर अध्यक्ष, तनवीर अकरम, चिरागो लाला पहलवान , संजू चौधरी,बेदु पंडित,नगेंद चौधरी, उमेश चौधरी, मुनिया गंधार ,पंकज चौधरी, जग्गा भगत जी,दयाल सिंह गंधार,रिंकू गंधार, करण ठाकुर सहित सैकड़ों किसान संगठन में शामिल हुए।

## टी. वी. मुक्त भारत अभियान अन्तर्गत 100 क्षय रोगियों को गोद लिया गया

**वेलकम इंडिया**



**झांसी!** समाज कार्य विभाग बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी एवं महिला अध्ययन केंद्र,बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी के तत्वावधान में ह्यटी.वी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत 100 क्षय रोगियों को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा पोष्टिक सामाग्री देकर गोद लिया गया एवं नौ माह तक पोष्टिक सामाग्री एवं स्वास्थ्य मूल्यांकन करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ यू.एन. सिंह ने क्षय रोग के बचाव के सुझाव व शिक्षकों द्वारा इस नेक कार्य के लिए बधाई दी। कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रो.मुकेश पाण्डेय (कुलपति, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी)ने कहा कि हम सभी को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए जिससे कि हम क्षय रोग हराकर भारत को स्वास्थ्य,समउन्नत, एवं उज्जवल बना सके।इस अवसर पर श्री राजबहादुर (कुलसचिव, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी)ने भी अपने विचार व्यक्त किये।इस अवसर पर कला संकाय अध्यक्ष प्रो.मुन्ना तिवारी, डा अचला पाण्डेय (समन्वयक, महिला अध्ययन केंद्र)प्रो.एस.पी.सिंह,प्रो.आर.के. सैनी, श्री सुनील सेन(उप कुलसचिव),श्री रविन्द्र शर्मा (सहायक कुलसचिव),प्रो.देवेश निगम, डॉ यतीन्द्र मिश्र (विभाग अध्यक्ष, समाज कार्य), श्री अनिल बौहरे (निजी सचिव, कुलपति), श्री विवेक अग्रवाल, डॉ जीतेन्द्र बबेले,श्री अतुल खरे,श्री भूपेन्द्र मिश्रा, डॉ अनूप कुमार आदि मौजूद रहे।

## सवाल आम जनमानस के स्वास्थ का...जवाबदार कौन

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर जहां एक ओर आम जन मानस में पनप रही सामाजिक चचाओं ने *आज के समय में अच्छा स्वास्थ और शिक्षा आम आदमी की पहुंच से दूर हो गई है।के रूप में प्रशासनिक व्यवस्थाओं को आईना दिखाने का काम किया है वहीं जनपद के शिकारपुर तथा डिबाई तहसील क्षेत्र के साथ साथ अन्य तहसीलों में भी कुकुरमुत्तों की तरह निजी अस्पताल, हेल्थ सेंटर, चाइल्ड केयर, प्रसूति केंद्र, नेत्र रोग संबंधी सेंटर, अल्ट्रासाउंड सेंटर तथा पैथोलॉजी सेंटर आदि उपज रहे हैं जो कि निश्चित ही चिंता और चर्चा का विषय है।हालांकि ऐसा नहीं है कि समाज में निजी अस्पताल तथा हेल्थ सेंटर आदि नहीं होने चाहिए क्योंकि यदि आपके अपने शहर अथवा गांव में अच्छे तथा भरोसेमंद अस्पताल नहीं होंगे तो आम आदमी को किसी भी सामान्य अथवा गंभीर बीमारी के लिए एनसीआर अथवा मेरठ जैसे शहरों में उपचार हेतु जाना ही पड़ेगा।चाहे उसकी जेब उस महंगे इलाज के लिए उसे सपोर्ट करे या न करे।चाहे उसे वो महंगा इलाज कर्ज लेकर ही क्यों न कराना पड़े।परन्तु इस सबसे इतर बुलंदशहर जनपद की शिकारपुर तथा डिबाई तहसीलों पर जब मीडिया सर्वे किया गया तो प्राप्त जानकारी के अनुसार डिबाई के भीमपुर दोराहे सहित डिबाई नगर तथा नरौरा रामघाट जरगवां क्षेत्र में सभी छोटे बड़े निजी अस्पताल, क्लिनिक, हेल्थ सेंटर, जच्चा बच्चा केंद्र, चाइल्ड केयर अल्ट्रासाउंड तथा पैथोलॉजी सेंटर मिला कर लगभग 200 प्रतिष्ठान देखने को मिले हैं।तो वहीं ऐसी ही कुछ फिगर शिकारपुर तहसील क्षेत्र के नगर एवं पहासू अहमदगढ़ छतारी सलेमपुर आदि देहात क्षेत्रों में भी देखने को मिली है। तो प्रश्न ये उठता है कि इन दोनों तहसील क्षेत्रों में इतने हॉस्पिटल तथा उपरोक्त केंद्रों की सूची सीएमओ कार्यालय में उपलब्ध है।और यदि है तो क्या इन सभी के द्वारा उन सरकारी मानकों का अनुसरण किया जा रहा है जो किसी भी वैध चिकित्सीय संस्थान के लिए आवश्यक होते हैं। इस सवाल का जवाब दुर्भाग्यवश किसी के पास नहीं है। क्योंकि जब भी इस विषय पर तहसील स्तरीय संबंधित विभाग के अधिकारी से बात की जाए तो उनका सीधा सा जवाब होता है कि इस विषय पर जानकारी देने के लिए हम अधिकृत नहीं है। और वहीं जब इस विषय पर जिला स्तरीय अधिकारियों से बात की जाए तो वो समयाभाव का बहना बना कर कुछ भी कहने से साफ मुंह चुराते हुए नजर आते हैं। प्रश्न फिर वही कि उन माफियाओं पर लगाम कसने के लिए आखिर कौन आगे बढ़ेगा जिन्होंने कोरोना काल अचानक स्वास्थ संबंधी दुकानें खोल कर अपने आप को पहले स्थापित किया और अब देखते देखते चंद वर्षों में न सिर्फ करोड़ों की संपत्ति के मालिक बन गए बल्कि आज तक उनके इन अवैध जीवन खिलवाड़ केंद्रों पर मानकों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।इस सब में मजे की बात ये है कि इनमें से कुछ तो ऐसे जल्लाद हैं जो किसी भी मासूम का हीमोग्लोबिन 5-6 प्वाइंट होने पर भी सिजेरियन कर डालते हैं और इस स्थिति में प्रसूता की मृत्यु हो जाने पर मरीज के तीमारदारों द्वारा हंगामा काटने पर लाख या 50 हजार रुपए दे कर उसका मुंह बंद कर देते है और फिर स्थानीय पुलिस से लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों को भी मैनेज कर लिया जाता है। इसका जीता जगता प्रमाण ये है कि जो अस्पताल अथवा मानव जीवन खिलवाड़ केंद्र अचानक विभागीय अधिकारियों द्वारा सील किया जाता है वो केंद्र महज 24 अथवा ज्यादा से ज्यादा 48 घंटे में स्वतः ही खुल जाता है।

## ई रिक्शा की बैटरी फटने से लाखों का सामान जलकर राख



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद में ई रिक्शा की बैटरी फटने से एक व्यक्ति के मकान में भीषण आग लग गई आग लग जाने से ई रिक्शा सहित घरेलू सामान्य जल का राख हो गया पीड़ित ने प्रदेश सरकार को पत्र भेज कर मुआवजे की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी शमशाद पुत्र जहीर ई रिक्शा चलाकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है।पीड़ित के अनुसार उसने सोमवार की देर शाम अपनी ई-रिक्शा घर के आंगन में चार्ज करने के लिए खड़ी कर रखी थी और परिवार सहित सो गया था। रात के समय अचानक से ई रिक्शा की बैटरी फट जाने से ई रिक्शा में आग लग गई ई रिक्शा में लगी आग की चपेट में आकर घर के अन्य फर्नीचर के समान सहित छत के पंखे कपड़े सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया।पीड़ित के घर में आग लग जाने से मोहल्ले में अफरातफरी मच गई मोहल्ले के लोगों ने घंटों प्रयास के बाद लगी आग पर पानी डालकर काबू पाया मगर तब तक ई रिक्शा सहित घर का लाखों रुपए सामान जल गया।

# सिंधी समाज ने आस्था और उल्लास के साथ मनाया टीजडी पर्व @ परम्परा और संस्कृति का अद्वितीय संगम

वेलकम इंडिया



**झांसी**। सिंधी समाज के प्रमुख धार्मिक पर्वों में से एक, टीजड़ी पर्व को इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। यह पर्व, जिसे सिंधी समाज का करवा चौथ भी कहा जाता है, भाद्रपद माह की तृतीया को विशेष महत्व के साथ मनाया जाता है। झूलेलाल सिंधी महिला शक्ति संगठन के तत्वावधान में आयोजित इस अवसर पर महिलाओं ने धार्मिक अनुष्ठानों, व्रत और पूजन के माध्यम से अपनी आस्था व्यक्त की। प्रातःकाल सूर्योदय से पूर्व महिलाएं असुर (विशेष प्रसाद) ग्रहण कर निर्जल व्रत का संकल्प लेती हैं। दिनभर भूखे-प्यासे रहकर शाम को सोलह श्रृंगार कर पूजास्थल पर एकत्रित होती हैं। हाथों में मेहंदी, दीप प्रज्वलन और टीजड़ी माता की कथा सुनने के बाद महिलाएं अपने परिवार की सुख-समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। चंद्र दर्शन और अर्ध्य अर्पण के पश्चात व्रत का समापन होता है। पूज्य सिंधी पंचायत भवन, रानी महल स्थित झूलेलाल मंदिर में प्रातःकाल महिलाओं ने टीजड़ी माता को झूला झुलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। शाम को समाज के पुरोहित पंडित कपिल शर्मा ने कथा का वाचन करते हुए टीजड़ी पर्व के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इसे कजली तीज या हरियाली तीज के नाम से भी जाना जाता है। बबिता हासानी ने कहा कि यह पर्व महिलाओं के त्याग, धैर्य और शक्ति को सम्मानित करता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष समाज की महिलाओं ने विशेष उत्साह के साथ तैयारियां कीं और अपने जीवनसाथी के लिए अनेक सरप्राइज भी रखे। समाज की वरिष्ठ सदस्य हर्षा कोडवानी ने बताया कि विवाहित महिलाएं पति के स्वास्थ्य और दीघार्यु के लिए तथा अविवाहित युवतियां उत्तम जीवनसाथी की प्राप्ति हेतु यह व्रत रखती हैं। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि पारिवारिक प्रेम, आपसी सम्मान और एकता का भी संदेश देता है। पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष हरीश हासानी ने कहा कि बदलते समय में भी सिंधी समाज अपनी परंपराओं और संस्कृति को पूरी निष्ठा से संजोए हुए है। ऐसे पर्व आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों, भाषा और मूल्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# आजादी के अमृतकाल के उपलक्ष्य पर बारीनगला से निकली तिरंगा यात्रा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली**। आजादी के अमृतकाल के उपलक्ष्य पर विभागीय निदेर्शों के क्रम में मंगलवार को क्यारा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बारीनगला एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय क्यारा के बच्चों और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। इस तिरंगा यात्रा को खण्ड शिक्षा अधिकारी पूरन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिसके बाद यह तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत बारीनगला से होती हुई बारीनगला गाँव में अभी कुछ समय पहले बने सरदार पटेल अमृत सरोवर पहुंची। अमृत सरोवर पर पहुंचकर बच्चों ने अपने शिक्षकों एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी के साथ वहां के मनमोहक नजारों के साथ सेल्फी ली। इस अमृतकाल तिरंगा यात्रा रैली के दौरान बच्चों ने अपने अपने हाथों में तिरंगा ले रखा था और पूरे रास्ते देशभक्ति और देश प्रेम से ओतप्रोत जय घोष करते आ रहे थे। आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत तिरंगा रैली के आयोजन में ग्राम प्रधान शिव कुमार पटेल, घन श्याम पटेल, चन्द्र प्रकाश, नीरज, धर्मेन्द्र पटेल, ओमकार पटेल, पुष्पेन्द्र पटेल, राकेश कश्यप, नवनीत यादव, प्रीति शर्मा, आशा राणा, स्नेहलता, किरन गंगवार, अनुपम देवी, पूजा मौर्य, भावना, प्रियंका, शिल्पी, पुष्पा देवी, रजी हसन के अतिरिक्त विद्यालय प्रबंध समिति के कई अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण और बढ़ी संख्या में अभिभावक भी पूरे समय मौजूद रहे। इस तिरंगा यात्रा का सफल संचालन डॉ. विनोद कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

# ट्रैक्टर चालक की हरियाणा के पानीपत में दर्दनाक मौत

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी एक 23 वर्षीय युवक का ईंटों से भरा ट्रैक्टर ट्राली हरियाणा के पानीपत में सड़क पर पलट गया ।ईटों के मलबे में दबने से चालक सचिन की मौके पर ही मौत हो गई। शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी देवेंद्र का 23 वर्षीय पुत्र सचिन अपने ट्रैक्टर ट्राली में ईट भरकर हरियाणा सहित आदि स्थानों पर किराए का कार्य करता था। सोमवार की देर शाम सचिन अपनी ट्रैक्टर, ट्राली में थाना क्षेत्र के किवाना ईंट भट्ठे से ईंट भरकर हरियाणा के पानीपत में गया था परिजनों के अनुसार पानीपत के भैंसवाल मार्ग पर अचानक से ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्रैक्टर ट्राली पलट जाने से ईंट के मलबे में ट्रैक्टर चला रहा सचिन मलबे में दब गया। आसपास के लोगों ने रेस्क्यू अभियान चलाकर मलबे को हटाया और ईटों के नीचे दबे ट्रैक्टर चालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया मंगलवार को शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध कवयित्री सरिता श्रीवास्तव सृजन को मिला विश्व भूषण सम्मान - 2025

वेलकम इंडिया




मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के मनोज कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी/मेकअप आर्टिस्ट/कवयित्री सरिता श्रीवास्तव सृजन को लखनऊ के प्रतिष्ठित संस्था निहारिका साहित्य मंच कंट्री ऑफ इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट (रजि.) के तत्वावधान में आयोजित तृतीय वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम लखनऊ के हिंदी भवन, निराला सभागार, हजरतगंज में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री अनिल राजभर के दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया गया । उत्तर प्रदेश के माननीय कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, साहित्यकार डॉ सुल्तान शाकिर हाशमी, महेंद्र सिंह भीष्म, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, मुकुल महान, भाजपा नेत्री फरहा रिजवी जी, डॉ उमंग खन्ना, डॉ अमिता दूबे तथा जश्ने आजादी ट्रस्ट की सचिव एवं पी.एम.डब्लू. जे.ए. की मुख्य संरक्षक आदरणीय निघत खान, अध्यक्ष श्री अब्दुल अजीज सिद्दीकी एवं फाउंडर डॉ रीमा सिन्हा के हाथो विश्व भूषण सम्मान-2025 दिया गया ।कार्यक्रम में प्रसिद्ध एंकर आसिम काकोरवी जी के संचालन से चार चाँद लग गये। कार्यक्रम के अंत में निहारिका के अध्यक्ष श्री अब्दुल अजीज सिद्दीकी एवं फाउंडर डॉ रीमा सिन्हा ने उपस्थित सभी मेहमानों का धन्यवाद ज्ञापित किया। सरिता जी साहित्य की उभरती नई कवयित्रियों मे शुमार मे। इनकी रचना एव माँ सरस्वती का दिया खूबसूरत ढंग से प्रस्तुति करने की कला अतुलनीय है । इनको राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सैकड़ों साहित्यिक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है यहां तक कि 2023 सावन ब्यूटी कांटेस्ट विजेता भी रह चुकी है । इनकी अनेकों रचनाये विभिन्न पत्र पत्रिकाओं मे प्रकाशित होती रहती है । इनको हाल ही मे अंतर्राष्ट्रीय सखी साहित्य परिवार (रजि.) बिहार ईकाई का महासचिव नियुक्त किया गया है ।इनकी इस विशेष उपलब्धि पर बिहार के साहित्यकार रूपेश कुमार, शिव शक्ति फाउंडेशन लखनऊ की संस्थापक मिठू राय, बिहार खादी की ब्रांड एंबेसडर रूपा कुमारी, एंकर, सिंगर नीलेश श्रीवास्तव, चित्रा श्रीवास्तव, सीमा श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव ,श्री कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, श्रीमती शशि श्रीवास्तव इत्यादी सैकड़ों लोगों ने बधाईयाँ दी।

# पंचायत सहायक अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के चार दिवसीय प्रशिक्षण का दूसरा दिन



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर मंगलवार को मंडलीय उपनिदेशक (पंचायत) मेरठ मंडल अमरजीत सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद बुलंदशहर के पंचायत सहायक अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के चार दिवसीय प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण में विकास खण्ड दानपुर एवं अरनिया के पंचायत सहायकों को विभिन्न विषयों जिसमें जीपीडीपी, पंचायत पुरस्कार, पंचायत कल्याण कोष, एसडीजी, पंचायत एडवांसमेंट इंडेक्स (ढअक), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) आदि विषयों पर मास्टर ट्रेनर सुशील कुमार शर्मा अंकित भड़ाना धीरज शीलर एवं वरिष्ठ फैकल्टी डॉ दीपक सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# बरेली के 14 और 16 साल के नाबालिगों ने किशोरी के साथ किया गैंगरेप

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली में एक 14 साल की बच्ची के साथ चाकू के नोक पर दुराचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें दो नाबालिगों ने बच्ची के साथ गैंग रेप किया। वहीं इस मामले में पड़ोसी ने लड़की को बचाने की कोशिश करने के बजाय इसका वीडियो बनाया और बाद में वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। इस वीडियो क्लिप के वायरल होने के बाद, पीड़िता के पिता ने स्थानीय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। हालांकि, शुरूआत में पुलिस ने बालात्कार के आरोप लगाने के बजाय आरोपियों पर बीएनएस धारा 75 (यौन उत्पीड़न) के तहत एफआईआर दर्ज की। लेकिन पीड़िता के पिता ने शनिवार को जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के शिकायत पोर्टल पर इस मामले की शिकायत दर्ज की, तब वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मुकदमे में बालात्कार की धारा और पॉक्सो अधिनियम की संबंधित धाराओं को जोड़ने और मेडिकल जांच के निर्देश दिए। सोमवार को लड़की का बयान भी दर्ज किया गया। इस मामले को लेकर एडिशनल एसपी मुकेश मिश्रा का कहना है कि जांच निष्पक्ष होगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी पुलिस अधिकारी 14 साल (कक्षा 8) और 16 साल (कक्षा 10) के आरोपियों का समर्थन करते हुए पाया गया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।फिल्हाल दोनों किशोरों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। इस बीच, थाना प्रभारी प्रवीण सोलंकी ने लापरवाही के आरोपों से इनकार किया है, उन्होंने कहा है कि ये घटना एक नाबालिग लड़की से जुड़ी हुई थी और पिता की शिकायत के आधार पर उचित कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी प्रवीण सोलंकी ने यह भी कहा कि वीडियो वायरल होने के बाद मुकदमे में अतिरिक्त धाराएं जोड़ दी गईं हैं।

# कूड़े से उठ रही दुर्गंध, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। सेमरियावा विकास खंड के दुधारा में सड़क के किनारे कूड़े का निस्तारण हो रहा है। जिससे आसपास दुर्गंध उठ रही है। लोगों का आना-जाना दुश्वार है। आश्चर्य की बात यह है कि बगल में ही आरआरसी सेंटर (कूड़ा घर) बना हुआ है। उसके बाद भी यहां पर कूड़े का निस्तारण न करके सड़क के किनारे कूड़ा निस्तारित किया जा रहा है। इससे जिम्मेदारों की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। सेमरियावा विकास खंड के दुधारा बाजार के पास एक वर्ष पूर्व आरआरसी सेंटर का निर्माण कराया गया था। उम्मीद थी कि अब यहीं पर कूड़े का निस्तारण किया जाएगा। जिससे साफ सफाई की स्थिति बेहतर हो सकेगी। आरआरसी सेंटर का निर्माण होने के बावजूद दुधारा बाजार के राष्ट्रीय राजमार्ग बीएमसीटी के पास ही कूड़े का निस्तारण हो रहा है। जिससे बाजार के लोग काफी परेशान हैं। उन्हें संक्रामक बीमारी का खतरा महसूस हो रहा है। सेंटर में कूड़े का निस्तारण क्यों नहीं हो रहा है, यह लोग सवाल पूछ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर केंद्र में कूड़े का निस्तारण नहीं करना था तो इसका निर्माण क्यों कराया गया। सेमरियावा विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी दीप श्रीवास्तव ने कहा कि आरआरसी सेंटर में कूड़े का निस्तारण क्यों नहीं हो रहा है, इसकी जांच कराई जाएगी। सड़क के किनारे अगर कूड़े का निस्तारण हुआ तो संबंधित पर कार्रवाई होगी।

# डीआईजी बस्ती द्वारा थाना मेंहदावल का किया गया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। मंगलवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती संजीव त्यागी ने थाना मेंहदावल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्पडेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, बंदीगृह थाना परिसर आदि का निरीक्षण किया एवं थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण कर सभी प्रविष्टियां अद्यावधिक करने, कार्यालय/थाना परिसर की साफ सफाई प्रतिदिन कराने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लंबित विवेचनाओं/एहकामातों के समयबद्ध निस्तारण तथा थाना परिसर में खड़े माल मुकदमाती, लावारिस आदि वाहनों का निस्तारण ऑपरेशन क्लीन के तहत कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। डीआईजी बस्ती ने थाना मेहदावल में चौपाल लगा कर जनसुनवायी की तथा थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर (दुराचारियों) तथा सभी आपराधिक प्रवृति के व्यक्तियों के बारे में जानकारी प्राप्त किया ।जनता के समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर उनके त्वरित व प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर ग्राम चौकीदारों को टॉर्च व छाता वितरित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना, क्षेत्राधिकारी मेहदावाल सर्वदमन सिंह, प्र0नि0 मेहदावल सतीश सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक दुर्गेश पाण्डेय व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

# देशभक्ति के साथ निकाली गई तिरंगा यात्रा, उमड़ा सैलाब

वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** कस्बे में स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा फहराने की भावना जगाने के लिए भाजपाइयों सहित सैकड़ों की संख्या में कस्बा निवासियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा अभियान के तहत कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए लोगों को झंडा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड स्थित चौधरी चरण सिंह मूर्ति पर मंगलवार को मंडल अध्यक्ष डॉक्टर रश्मिकांत जैन के नेतृत्व में भाजपाई एकत्र हुए। हाथों में तिरंगा झंडा लेकर कार्यकताओं ने भारत माता के उद्घोष के साथ यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा बड़ी नहर, रेलवे मार्ग, पुराने पंजाब नेशनल बैंक ओर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से होते ही कैराना बस स्टैंड स्थित वीर अब्दुल हमीद प्रतिमा पर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा का कई स्थानों पर पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में लोग सामिल हो गए ।इस दौरान मंडल अध्यक्ष डॉक्टर रश्मिकांत जैन ने कहा कि तिरंगा अभियान भारत की समृद्धि, सामर्थ्य और सम्मान का प्रतीक है। इसका उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करना है। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, सुधा तोमर, दीपक गुप्ता, सभासद पति अनिल बोहरा, राजीव शर्मा, अशौक चौहान ओर आकाश जैन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।





# आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत साइकिल तिरंगा रैली का आयोजन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)**। शासन के आदेशों के अनुक्रम में डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज एवं नगर पालिका परिषद मोदीनगर के संयुक्त तत्वावधान में शासन के आदेशों के अनुक्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल एवं अध्यक्ष ,नगर पालिका परिषद विनोद वैशाली के निर्देशन में आजादी का अमृत मनाने के क्रम मे हर घर तिरंगा अभियान -2025 के अंतर्गत कॉलेज के एन सी सी कैडेटस के द्वारा मोदीनगर शहर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत लैफ्टिनेंट राजीव कुमार एवं कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली। रैली विद्यालय से चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए बस स्टैंड ,तरंग रोड, गुरुद्वारा रोड,एन सी सी वाहिनी होते हुए राज चोपला स्थित शहीद स्थल पर



सम्पन्न हुई।रैली के दौरान सभी कैडिट हाथों में तिरंगा लिए हुए शहर के लोगों को आजादी की 79 वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाने के क्रम में पर अपने घरों, प्रतिष्ठानों,सार्वजनिक जगहों,शैक्षिक संस्थानों पर तिरंगा लगाकर देश के प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत कर स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने हेतु प्रेरित करते नजर आए रैली के दौरान विद्यालय के एन सी सी कैडिट ह्घर घर में तिरंगा फहराएंगे, देश भक्ति के गीत गाएँगे, देश प्रेम की अलख जगाएंगे, आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे ।कॉलेज के प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल, चेयरमैन नगर पालिका परिषद विनोद वैशाली, एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर ने सभी कैडेट को तिरंगा अभियान में बढ़चढ़कर सक्रिय हिस्सा लेन तथा प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत कराते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान भाव रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली ने सभी कैडेट्स को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर तिरंगा रैली प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया ।तिरंगा रैली को सफल बनाने में विशेष रूप से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अम्बरीश कुमार, दिनेश कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक अरविंद कुमार,ए बी एम कोर्डिनेटर शिवानी कुंडू के अतिरिक्त आशीष वत्स दीपांशु सैनी, अमित कराटे,हिमांशु शर्मा, मोनिश हसन, विपिन कुमार, विजय बर्मन, समीर,एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, लै राजीव जांगिड़, गौरव त्यागी आदि की भूमिका सराहनीय रही ।

# दिनेश कुमार गोयल द्वारा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बढ़ाएं हुए हाउस टैक्स को कम करने हेतु मांग उठायी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ( अनिल वशिष्ठ)**। विधान परिषद के मानसून सत्र के दौरान दिनेश कुमार गोयल व विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद-गाजियाबाद नगर निगम में टैक्स रेट 96 पैसे रुपए 1.20 पैसे वह रुपए 1.45 पैसे था जिसे नगर निगम के अधिकारियों ने बढ़ाकर रुपए 3.50 पैसे रुपए 3.75 पैसे एवं रू 4 चार रुपये कर दिया जो लगभग 300 से 400 प्रतिशत अधिक है। जिसका आम जनता ने और नगर निगम के जनप्रतिनिधि ने बढ़े हुए टैक्स का विरोध किया और इसके विरोध में दिनांक 09.10.2024 को सदन की बैठक हुई जिसमें प्रस्ताव सं0-54 में इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया गया लेकिन नगर निगम के अधिकारी ने इसे नहीं माना और



बढ़ी हुई टैक्स पर आमादा रहे। इसके उपरान्त दिनांक 07.01.2025 को दुबारा बैठक हुई जिसमें दिनांक 09.10.2024 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी लेकिन बढ़े हुए दरों के प्रस्ताव को पास दिखा दिया गया। इससे शुब्ध होकर दिनांक 30.06.2025 को सदन की दोबारा बैठक हुई जिसमें नगर निगम में यह निर्णय हुआ कि ठीक है रियायत दी जायेगी और बढ़ा हुआ हाउस टैक्स भी खत्म किया जायेगा। यह मामला समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ तदोपरान्त नगर निगम द्वारा यह निर्णय लिया गया कि बढ़े हुए हाउस टैक्स की नोटिस नहीं भेजी जायेगी परन्तु इसके विपरित नगर निगम के अधिकारियों द्वारा बढ़े हुए हाउस टैक्स की नोटिस जनता को भेज दी गयी। इस मामले में आम जनता में आक्रोश एवं क्षोभ व्याप्त है। इसलिए उनके द्वारा इस लोक महत्व के अभिलम्बनीय विषय पर नगर निगम गाजियाबाद द्वारा बढ़ाये गये हाउस टैक्स को वापस लिए जाने हेतु सदन में सरकार से चर्चा एवं वक्तव्य कराये जाने की मांग की गई।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)**। गिन्नी देवी मोदी महिला महाविद्यालय मोदीनगर में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत द्वितीय चरण में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि हमारी आन बान और शान है। तिरंगा हम भारतीयों की पहचान है।तिरंगा हम सब भारतीयों को इसपर गर्व करना शान से कहो हम भारतीय हैं चाहिए।कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर पूनम शर्मा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने देशभक्ति से ओत प्रोत इस नाटक में डॉ आकांक्षा सरस्वत श्रीमती अनीता कौशिक एवं श्रीमती गीता त्यागी सुश्री मंजू कनौजिया सुश्री रश्मि चौधरी एवं श्रीमती राखी शर्मा का प्रमुख योगदान रहा कार्यक्रम का आयोजन चित्रकला विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर सुश्री शालू देवी द्वारा किया गया।

# विभिन्न हिंदू संगठनों ने जमीन पर कब्जे का आरोप लगाते हुए किया प्रदर्शन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर** ।विभिन्न हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने मोदीनगर में सरकारी बंजर, रास्ते की जमीन पर बेगमाबाद बाहर स्थित बड़ी मस्जिद कमेटी एवं राज्य वक्फ बोर्ड के द्वारा अवैध रूप से कब्रिस्तान के नाम पर जमीन पर कब्जा करने का आरोप तथा पालिका व तहसील प्रशासनिक अधिकारियों की सुस्ती व लापरवाही पूर्ण रवैये का आरोप लगाते हुए तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन एसडीएम को दिया। हिंदू संगठनों का कहना है कि तहसील मोदीनगर स्थित बेगमबाद बुदाना ( बाहर ) के खसरा में स्थित बड़ी मस्जिद व उससे सटे कब्रिस्तान की पैमाइश की रिपोर्ट तहसील मोदीनगर की टीम व नगर पालिका परिषद मोदीनगर के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से तैयार कर निर्णायक कार्रवाई की जानी प्रस्तावित थी। लेकिन दो सप्ताह बीत




जाने के बाद भी नगरपालिका परिषद मोदीनगर व तहसील प्रशासन ने शाही मस्जिद कमेटी एवं राज्य वक्फ बोर्ड की कूटरचित चालबाजी द्वारा अवैध रूप से कब्जा की हुई बंजर भूमि एवं रास्ते के सम्बन्ध में कारवाई करने से बच रहा है। जिस कारण स्थानीय निवासियों व हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त हो गया है। इस सम्बन्ध में बेगमाबाद बुदाना पीर मोहल्ले के स्थानीय निवासियों व विभिन्न हिन्दू संगठनों ने एसडीएम मोदीनगर को ज्ञापन सोपा था। जिसमें मांग की गई कि एक सप्ताह में रिपोर्ट तैयार कर मस्जिद कमेटी द्वारा मस्जिद व कब्रिस्तान के नाम पर सरकारी भूमि पर जो अवैध रूप से कब्जा किया हुआ है। उसको तत्काल प्रभाव से खाली कराकर कब्जा मुक्त नगरपालिका परिषद मोदीनगर को सौंपा जाए। वही एसडीएम मोदीनगर ने बताया कि विवादित भूमि की फसली वर्ष 1359 के आधार पर जांच की जा रही है और उसके आधार पर जल्द अवैध कब्जे के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पंकज कंसल, नीरज शर्मा,सागर, सचिन, नितिन शर्मा, सतीश,दीपक, निर्दोष,अमर दीप कोरी,राज कृष्णपाल सिंह, सुखबीर सिंह, नीरज शर्मा, सतीश बैसला, नितिन शर्मा, अश्वनी गुप्ता, पंकज शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा, प्रिन्स, उज्जवल, बरहमसिह,शशांक कश्यप, अंकित, नरेश ठेकेदार,आजाद भाई,अमित सोनी, मोहित सोनी, बंटी,राजन, निर्दोष एडवोकेट, विनोद अन्य सैकड़ों ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गीतकार संतोष आनंद, हसन काजमी, कीर्ति काले और गजलकार रामअवतार बैरवा को मिला अंतरराष्ट्रीय प्रेमचंद सम्मान - 2025

डॉ.शंभू पंवार

**नई दिल्ली**। 12 अगस्त ।मुंशी प्रेमचंद जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय प्रेमचंद सम्मान इस वर्ष विख्यात गीतकार संतोष आनंद, प्रख्यात शायर हसन काजमी, चर्चित गीतकारा डॉ. कीर्ति काले और गजलकार रामअवतार बैरवा को प्रदान किया गया। गीतकार संतोष आनंद को बीसवीं सदी के सर्वश्रेष्ठ गीतकारों में गिना जाता है। उनके प्रसिद्ध गीत एक प्यार का नगमा है को हाल ही में अंतरराष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाने की पहल हुई है। हसन काजमी अपने असरदार शेरों के लिए देश-विदेश के मुशायरों में विशेष पहचान रखते हैं। डॉ. कीर्ति काले का गीत बिटिया चली है ससुराल विश्व स्तर पर चर्चित है, जबकि रामअवतार बैरवा की गजलों में समकालीन संवेदनाओं की बारीक अभिव्यक्ति देखने को मिलती है। सम्मान की घोषणा भारतीय - नॉवेर्जीय सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश चन्द्र शुक्ल शरद आलोक और पूर्व कुलपति डॉ. निर्मला एस. मौर्य ने डिजिटल मंच पर आयोजित



विशेष समारोह में की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. कैलाश सत्यार्थी ने लेखकों से प्रेमचंद की तरह समाज की समस्याओं के समाधान और नेतृत्व में योगदान देने का आह्वान किया ।इस अवसर पर शिक्षाविद् और लेखक प्रो. शैलेन्द्र कुमार शर्मा ने प्रेमचंद के साहित्य को कालजयी बताया। उपकुलपति प्रो. किरण हजारिका ने सम्मानित रचनाकारों को बधाई दी और आभार व्यक्त किया, जबकि प्रो. योजना रावत ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के अंत में कवि सम्मेलन में देश-विदेश के कई ख्यातिनाम कवियों ने काव्य पाठ किया।

# प्रमुख समस्याओं को लेकर उपजिला अधिकारी से वार्ता हुई

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ)**। राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रोफेशनल मंच एडवोकेट अरुण दहिया के साथ प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी मोदीनगर को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से संबंधित वार्ता की। मुख्य रूप से 6 बिंदु शामिल थे। क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए-अपराध नियंत्रण एवं जन सुरक्षा को देखते हुए पुलिस की रात्रि गश्त को बढ़ाने की मांग की गई ।किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान-आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए किसानों का बकाया गन्ना मूल्य तुरंत दिलाए जाने की आवश्यकता जताई गई। तहसील परिसर में मूलभूत सुविधाएं-अधिवक्ताओं, बैनामा लेखकों एवं वादकारियों के लिए महिला व पुरुषों के अलग-अलग शौचालय निर्माण,



सड़क मरम्मत और लाइट व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की गई ।कस्बा रोड पर-पैठ बाजार और पटरी-ठेले वालों को सुव्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराकर कस्बा रोड से अतिक्रमण हटाने का सुझाव दिया गया। वार्ता के दौरान पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन तहसील मोदीनगर एडवोकेट राजकुमार गुप्ता, अध्यक्ष बैनामा लेखक संघ तहसील मोदीनगर कपिल चौधरी, सचिव बैनामा लेखक संघ कुलदीप त्यागी, पूर्व प्रमुख कृष्णपाल चेम्पियन, क्षेत्रीय महासचिव प्रोफेशनल मंच एडवोकेट आशीष नरेश, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रोफेशनल मंच एडवोकेट यतीन्द्र चौधरी, वरुण दहिया, तरुण चौधरी, सतेंदर कुमार आदि मौजूद रहे। उपजिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# परंपरागत तरीके से निकाला गया चेहल्लुम का कदीमी जुलूस


वेलकम इंडिया

**सचिन गुप्ता सिरौलीगौसपुर बाराबंकी**। रसूलपुर में मंगलवार को चेहल्लुम का कदीमी जुलूस परंपरागत तरीके से निकाला गया। जुलूस में अंजुमन हैदरी आछैछा तिर्लोकपुर के मातमी दस्ते और स्थानीय अजादारों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया ।डॉ. रेहान काजमी के आवास से जुलूस की शुरूआत हुई। मशहूर मर्सिया-ख्वां मास्टर अफसर किंतूरी ने इमाम अली रजा अलैहिस्सलाम पर भावपूर्ण मर्सिया पेश किया। जुलूस कदीमी रास्तों से होते हुए विभिन्न पारंपरिक स्थलों पर रुका। कर्बला पंचम्बा में मास्टर अफसर किंतूरी और उनके साथियों ने सोजखानी की। रौजे अलाउद्दीन आला बुजुर्ग में अंजुमन हैदरी के सदस्यों ने पारंपरिक नौहाखानी और सीना-जनी की ।अंजुमन हैदरी के सेक्रेटरी नासीर अंसारी ने कहा कि हजरत सय्यद



वारिस अली शाह मूसवी के घर पर नौहाखानी और मातम की पुरानी तमन्ना आज पूरी हुई ।प्रशासन ने जुलूस के दौरान सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. रेहान काजमी ने सभी मेहमानों, अजादारों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कुमैल किंतूरी, अबुजर रजा, मीसम रजा, वफा अब्बास, हाजी सफदर अब्बास किंतूरी, इश्तेयाक सलमानी समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# एसडीएम के निर्देश पर सड़कों की मरम्मत का कार्य हुआ प्रारंभ



वेलकम इंडिया

**सचिन गुप्ता सिरौलीगौसपुर बाराबंकी**। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर मंगलवार को सड़कों की मरम्मत कार्य प्रारंभ हो गया है। लोक निर्माण विभाग बरसात के कारण बने गड्ढों को भर रहा है ।सफदरगंज-बरोसराय मार्ग स्थित भैसुरिया पेट्रोल पंप के पास सड़क पर गिरे पेड़ को विभाग ने हटा दिया है। गड्ढों में मिट्टी की बोरियां डालकर उन्हें दुरुस्त किया जा रहा है। सड़कों के किनारे उगी झाड़ियों को भी साफ किया जा रहा है ।बारिश के कारण सड़कों पर बने गड्ढे दुर्घटनाओं का कारण बन रहे थे। सड़क किनारे उगी झाड़ियों से मोड़ पर लगे संकेत बोर्ड नहीं दिख पा रहे थे। इसी कारण साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है ।लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एडिशन सिंह ने बताया कि सफदरगंज-बदोसराय, उधौली-सिरौली और बदोसराय-सिरौली समेत अन्य सड़कों की मरम्मत की जा रही है। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने कहा कि सभी सड़कों से झाड़ियां हटाने और गड्ढे भरने का काम पूरा कराया जाएगा।

# भाकियू के नेता स्वर्गीय मुकेश सिंह की जन्म जयंती पर विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया

**सचिन गुप्ता सिरौलीगौसपुर बाराबंकी**। भारतीय किसान यूनियन के पूर्व प्रदेश महासचिव स्वर्गीय मुकेश सिंह की जन्म जयंती पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के तहसील अध्यक्ष राम सजीवन वर्मा के नेतृत्व में दो महत्वपूर्ण गतिविधियां आयोजित की गईं ।कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए। साथ ही पौधारोपण



अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर सीएमएस डॉक्टर एके सिन्हा,सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह, डॉक्टर आरिफ और सैदानपुर की एएनएम सरला सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य डॉक्टर और स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी की ।मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय में औलिया लालपुर पौधारोपण अभियान चलाया। न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सैदनपुर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व सौ सैय्या युक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में भी वृक्षारोपण और फल वितरण किया गया। इस अवसर पर राम बहादुर, मोहम्मद दीशान, राजित राम, रमेश चंद्र, सन्दीप कुमार, सुरेश, जगजीवन प्रसाद, जगदंबिका प्रसाद, राम सिंह, राकेश कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# चेयरमैन के निवास से निकाली गई तिरंगा यात्रा

वेलकम इंडिया,रणविजय सिंह

**सिद्धौर बाराबंकी**। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर क्षेत्र में मंगलवार को हर घर तिरंगा यात्रा अमृत महोत्सव चेयरमैन रमन्ता रावत के निवास से निकाली गई। तिरंगा यात्रा का समापन पूरे नगर में घूमते हुए, श्री सिद्धेश्वर नाथ मंदिर पर संपन्न हुआ। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर के मंडल अध्यक्ष प्रवीण सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा नगर के चेयरमैन रमन्ता रावत के मकान से शुरू हुआ। जो नगर पंचायत सिद्धौर कार्यालय होते हुए पूरे वार्डो में अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा निकालकर घुमाई गई। इसी तरह जगह-जगह क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर अमृत महोत्सव तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर वंदे मातरम, जय हिंद और जय भारत के नारे लगाए। देशभक्ति गीतों के माध्यम से लोगों को 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा फहराने की अपील की गई। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी,जिला उपाध्यक्ष अम्बरीष रावत, बृजेश रावत, सीताशरण वर्मा प्रधान संघ अध्यक्ष सतनाम सिंह वर्मा, सभासद अभिषेक यादव, दिव्यांशु निगम, मोहम्मद अतहर मलिक, दिलशाद, दीना, राकेश कुमार, व नगर के अखिलेश यादव,डाक्टर राजेंद्र प्रसाद, आदि लोगों मौजूद रहे।



# गाजियाबाद में स्वतंत्रता दिवस का रंगारंग जश्न होगा ऐतिहासिक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ पर इस बार गाजियाबाद में देशभक्ति का ज्वार पहले से कहीं अधिक बुलंद होगा। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार के निर्देशन और अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 15 अगस्त 2025 के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर उन्होंने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वतंत्रता दिवस को भव्यता और गरिमा के साथ मनाया जाए, ध्वज संहिता का अक्षरशः पालन हो और हर आयोजन में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारतज की झलक दिखे। एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह ने कहा कि इस बार स्वतंत्रता दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनपदवासियों के लिए गर्व और एकजुटता का संदेश देने का अवसर है। उन्होंने निर्देश दिया कि 15 अगस्त की सुबह 8 बजे सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी और निकाय भवनों पर पुष्प पंखुडि ?ों से सुसज्जित राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। ध्वजारोहण से पहले और बाद में सांस्कृतिक कार्यक्रम, विचार गोष्ठी और वृक्षारोपण होंगे। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीरता पुरस्कार प्राप्त सैनिकों, शहीदों के परिजनों और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाए। 14 और 15 अगस्त की रात को सभी सरकारी भवनों, शहीद स्थलों और ऐतिहासिक स्थलों पर सफाई व रोशनी की विशेष व्यवस्था होगी। महामाया स्टेडियम में सुबह 6 बजे महिला 3 किमी और पुरुष 5 किमी दौड़ से दिन की शुरूआत होगी। इसके बाद सीनियर सिटीजन्स की पैदल चाल, हॉकी, फुटबॉल, मुक्केबाजी और कुश्ती जैसी प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को मौके पर ही पुरस्कृत किया जाएगा। इस वर्ष मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को नामित किया गया है। वे सुबह 11 बजे मेरठ रोड स्थित शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण करेंगे। नगर निगम और पुलिस विभाग संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। पीएसी का बैण्ड भी मौके पर देशभक्ति की धुनें बजाएगा। शाम 6 बजे हिन्दी भवन, लोहिया नगर में सिविल डिफेन्स की ओर से 'जय हिंद' नामक देशभक्ति नाटक का मंचन होगा, जिसमें मुख्य अतिथि सुनील शर्मा होंगे। वहीं शिक्षा विभाग को निर्देश दिया गया है कि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, एमएमएच इंटर कॉलेज और शम्भु दयाल हंटर कॉलेज में निबंध, पेंटिंग, वाद-विवाद और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं कराई जाएं। स्वतंत्रता दिवस पर मानव सेवा समिति और नागरिक कल्याण समिति द्वारा जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, संयुक्त चिकित्सालय और कुष्ठ आश्रम में मरीजों एवं निवासियों को फल वितरित किए जाएंगे। साथ ही नगर निगम विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर मुख्य मार्गों, सरकारी दफ्तरों और चौराहों को सजाएगा और एन्टी-लार्वा छिड़काव भी कराएगा। एडीएम रणविजय सिंह ने कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर गाजियाबाद 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की भावना के साथ एकजुट होकर स्वच्छ, स्वस्थ और समर्थ जनपद बनाने का संकल्प लेगा।

# स्वतंत्रता दिवस की सात दिवसीय श्रृंखला में देशभक्ति का उमड़ा जज्बा

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और स्पर्धा क्लब द्वारा मंगलवार को देशभक्ति के रंग में रंगी भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह आयोजन सात दिवसीय कार्ययोजना हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान के अंतर्गत हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा थामे इंस्टीट्यूशंस के मुख्य मार्ग से होते हुए आवासीय इलाकों, बाजारों और मुख्य सड़कों पर पैदल मार्च किया। पूरे रास्ते में भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद के नारे गूंजते रहे। तिरंगा लहराते हुए छात्रों का यह जुलूस देशभक्ति की जीवंत तस्वीर पेश कर रहा था। संस्थान की निदेशक डॉ. अलका अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को नमन किया और रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी अस्मिता, एकता और बलिदान का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से छात्रों में देशभक्ति की भावना और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव मजबूत होता है। मेवाड़ संस्थान में 7 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में ध्वजारोहण, तिरंगा यात्रा, तिरंगे के साथ सेल्फी प्रतियोगिता (सोशल मीडिया पर अपलोड और प्रसार), देशभक्ति काव्य पाठ, क्विज प्रतियोगिता, देशभक्ति पर आधारित लघु नाटक (स्किट), रंगोली एवं पोस्टर निर्माण, विविध रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। तिरंगा यात्रा के संचालन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने संभाली। उनके नेतृत्व में पूरी रैली अनुशासित और ऊर्जावान माहौल में संपन्न हुई। मार्च के दौरान राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। कई स्थानों पर लोगों ने तिरंगे के साथ छात्रों का स्वागत किया और फोटो खिंचवाए।

# यातायात नियमः 44 स्थानों पर एक साथ चेकिंग में 1955 वाहनों का हुआ चालान

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद में मंगलवार को ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुधारने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक अभूतपूर्व अभियान चलाया। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर जोन के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ 44 स्थानों पर चेकिंग की गई, जिसमें नियम तोड ? वालों पर जमकर कार्रवाई हुई। पूरे दिन चले इस अभियान में 3686 व्यक्तियों की जांच की गई और 1955 वाहनों के चालान मोटर वाहन अधिनियम के तहत किए गए। अभियान के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट चलने वाले बाइक सवारों, तीन सवारी बैठाने वालों, बिना नंबर प्लेट के वाहनों, गलत दिशा से आने वाले चालकों और अन्य गंभीर उल्लंघनों को खास निशाने पर रखा। इंदिरापुरम, खोड़ा, कौशांबी, साहिबाबाद, लिंक रोड, शालीमार गार्डन और टीला मोड़ थाना क्षेत्रों में जगह-जगह नाके लगाकर पुलिस ने नियम तोडे वालों को मौके पर रोका और चालान की कार्रवाई की। इनमें सबसे ज्यादा कार्रवाई कौशांबी थाना क्षेत्र में हुई, जहां 905 व्यक्तियों की जांच में 465 चालान किए गए। वहीं साहिबाबाद में 382, खोड़ा में 360 और इंदिरापुरम में 288 चालान दर्ज हुए। इस सघन अभियान की कमान ट्रांस हिंडन जोन के सभी सहायक पुलिस आयुक्त, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों ने संभाली। दिनभर पुलिस टीमों की मौजूदगी और सख्ती से वाहन चालकों में हड़कंप का माहौल रहा।

# जनता के लिए खुला भरोसेमंद मंच, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से बढ़ा पुलिस पर विश्वास

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निदेशों को धरातल पर उतारते हुए पुलिस उपायुक्त (नगर) धवल जायसवाल ने जनता की शिकायतों के निस्तारण का एक नया और अनोखा तरीका अपनाया है। अपने कार्यालय में रोजाना आने वाले शिकायतकताओं से वे न केवल आमने-सामने बातचीत करते हैं, बल्कि उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर तुरंत संबंधित विभाग या थाना प्रभारी को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश देते हैं। श्री जायसवाल का यह प्रत्यक्ष संवाद लोगों के लिए एक उम्मीद की किरण बन चुका है। जहां पहले कई लोग अपनी शिकायत दर्ज कराने के बाद लंबे समय तक कार्रवाई की प्रतीक्षा करते थे, वहीं अब उन्हें त्वरित सुनवाई और समाधान का भरोसा मिल रहा है। कार्यालय में आने वाले लोगों का कहना है कि यह पहल पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम कर रही है। स्थानीय निवासी राजेश कुमार ने कहा कि पहले हमें अपनी बात कहने के लिए कई बार थाने और दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते थे। अब डीसीपी साहब खुद हमारी बात सुनते हैं और तुरंत आदेश देते हैं, जिससे हमें लगता है कि हमारी समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। शिकायत सुनने की यह खुली व्यवस्था खासतौर पर उन लोगों के लिए राहत का माध्यम बनी है जो पुलिस के ऊपरी अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाने में कठिनाई महसूस करते थे। डीसीपी नगर का मानना है कि शिकायतों का निस्तारण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह पुलिस की जिम्मेदारी और जनता के प्रति वचनबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या को लंबा खींचने से जनता का विश्वास कमजोर होता है।

## दीक्षारंभ ने जगाई नई ऊर्जा, सात दिवसीय छात्र परिचय समारोह का शुभारंभ

**गाजियाबाद।** शिक्षा सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और व्यक्तित्व निर्माण की यात्रा है इसी सोच को साकार करते हुए मॉडर्न कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में 12 अगस्त मंगलवार से 18 अगस्त तक छात्र परिचय कार्यक्रम दीक्षारंभ का आयोजन किया गया। इस सात दिवसीय भव्य कार्यक्रम में बीसीए, बीबीए, बी.कॉम और बी.ए. पाठ्यक्रम के नवप्रवेशित विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि इस पहल का मकसद विद्यार्थियों को न केवल कॉलेज की शैक्षणिक प्रणाली और सुविधाओं से परिचित कराना है, बल्कि उन्हें ऐसे संस्कार और कौशल देना है जो उन्हें जीवन भर आगे बढ ? की ताकत दें। मंगलवार की सुबह कॉलेज सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के बाद मंच पर प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निधि अग्रवाल ने कॉलेज की उपलब्धियों, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छात्रों की सफलता, और शिक्षण पद्धति की खासियत पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि के रूप में विपुल कुमार (संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एनर्जिक समाधान, गाजियाबाद) उपस्थित रहे। महाविद्यालय के सचिव विनीत गोयल और प्राचार्या प्रो. निशा सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत स्मृति-चिह्न देकर किया। स्वागत भाषण में प्राचार्या प्रो. निशा सिंह ने नए विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन सिर्फ डिग्री हासिल करने तक सीमित न रहे, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और सोच को गढ ? का अवसर है। कॉलेज का हर सत्र, हर कक्षा, हर गतिविधि आपको निखारने और आपके व्यक्तित्व को संवारने के लिए है। मेरा आग्रह है कि आप इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाएँ और आने वाले समय में न केवल अपनी बल्कि अपने परिवार और समाज की पहचान भी ऊँची करें। कॉलेज प्रशासन का मानना है कि 'दीक्षारंभ' जैसे कार्यक्रम न केवल शैक्षणिक शुरूआत को यादगार बनाते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता, समय प्रबंधन और समाज के प्रति संवेदनशीलता भी पैदा करते हैं।

## 21वें बैच के लिए तीन दिवसीय ओरिएंटेशन की शुरूआत

गाजियाबाद। दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आई.टी.एस – द एजुकेशन ग्रुप के आई.टी.एस फिजियोथेरेपी कॉलेज में बी.पी.टी. के 21वें बैच (2025–29) का स्वागत मंगलवार को एक गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई, जिसमें विशेष अतिथि के रूप में डॉ. प्रभात रंजन, वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट, न्यूरोलॉजी विभाग, न्यूरोसाइंसेस सेंटर, एम्स, दिल्ली, उपस्थित रहे। उनके साथ निदेशक–पी.आर. सुरिन्द्र सूद और संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. एम. थंगराज मंचासीन थे। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को न केवल संस्थान की कार्यप्रणाली और सुविधाओं से परिचित कराना था, बल्कि उन्हें फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उपलब्ध व्यापक अवसरों, आधुनिक तकनीकों और पेशेवर जिम्मेदारियों का भी बोध कराना था। मुख्य अतिथि डॉ. प्रभात रंजन ने अपने 16 वर्षों के समृद्ध अनुभव को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। न्यूरो रिहैबिलिटेशन में विशेषज्ञता रखने वाले डॉ. रंजन ने स्ट्रोक के उपचार, एन.डी.टी./बोबाथ तकनीक के उन्नत प्रमाण–पत्र, और देश–विदेश में 80 से अधिक कार्यशालाओं के संचालन के अनुभव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक सफल फिजियोथेरेपिस्ट बनने के लिए केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि सहानुभूति, धैर्य और निरंतर सीखने की भावना भी जरूरी है। कार्यक्रम में प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. वंचन त्रिपाठी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। प्रबंध शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण में 17 वर्षों से अधिक अनुभव रखने वाले डॉ. त्रिपाठी ने करियर विकास, नेतृत्व क्षमता, सॉफ्ट स्किल्स और विशेष रूप से उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें रोजगार पाने के साथ–साथ रोजगार सृजनकर्ता बनने का लक्ष्य भी रखना चाहिए, ताकि वे समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकें। प्रधानाचार्य डॉ. एम. थंगराज ने संस्थान की अत्याधुनिक सुविधाओं का विस्तृत परिचय देते हुए बताया कि आई.टी.एस फिजियोथेरेपी कॉलेज में अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, उत्कृष्ट क्लीनिकल ट्रेनिंग व्यवस्था और अनुभवी अध्यापक मौजूद हैं। उन्होंने एंटी–रैगिंग नीति की सख्ती से पालन करने की बात कहते हुए स्पष्ट किया कि संस्थान एक रैगिंग–फ्री कैंपस है, जहां छात्रों को सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल प्रदान किया जाता है। चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने भी सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# नर्सिंग होम में लापरवाही से महिला की मौत का आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मोदीनगर क्षेत्र में बैंक कॉलोनी स्थित दूबे नर्सिंग होम पर गंभीर आरोप लगाते हुए गर्भवती महिला की मौत के बाद परिजन ने जमकर हंगामा किया। देर रात तक चले इस विवाद में अस्पताल के अंदर तोडफोड़, स्टाफ से कहासुनी और अस्पताल मालिक द्वारा लाठी लेकर मारपीट करने के आरोप ने माहौल को और भी तनावपूर्ण बना दिया। जानकारी के अनुसार, निवाड़ी थाना क्षेत्र के गांव सारा निवासी सावेज खान ने रविवार दोपहर अपनी गर्भवती बहन बिनीश को दूबे नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। यहां ऑपरेशन के बाद बिनीश ने बेटी को जन्म दिया, लेकिन आरोप है कि उन्हें वूष्ट में रखने के बजाय सीधे जनरल वार्ड में भेज दिया गया, जहां बुनियादी सुविधाएं तक मौजूद नहीं थीं। स्वजन का आरोप है कि उन्हें मजबूर होकर घर से पंखा लाकर बिनीश के बेड के पास लगाना पड़ा। सोमवार शाम से उनकी तबीयत बिगडे लगी, लेकिन डॉक्टर और स्टाफ ने कोई ध्यान नहीं दिया। आरोप है कि समय पर उपचार न मिलने के कारण सोमवार रात ही बिनीश की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही गांव से बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे और गुस्से में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच आरोप है कि अस्पताल के मालिक डा. अनिल गर्ग लाठी लेकर मौके पर पहुंचे और मृतका के स्वजन पर हमला कर दिया। इसमें अनस, वहाब और फिरोज घायल हो गए। इस दौरान अस्पताल में तोडफोड़ भी की गई। डा. गर्ग के लाठी लहराने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि डा. अनिल गर्ग की पत्नी डा. पूनम गर्ग भी अस्पताल में महिलाओं का उपचार करती हैं और वर्तमान में रालोद महिला प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय महासचिव हैं।

# तिरंगे के रंग में रंगा हिन्दी भवनः तिरंगा महोत्सव, मेला

वेलकम इंडिया



> महापौर ने तिरंगे के महत्व पर जोर देते हुए सभी से अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आग्रह किया

**गाजियाबाद।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा हिन्दी भवन, लोहिया नगर में मंगलवार को आयोजित तिरंगा महोत्सव, तिरंगा मेला और भव्य तिरंगा संगीत समारोह ने पूरे माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर सुनीता दयाल और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी स्टॉलों के अवलोकन से हुई, जिसमें विभिन्न विभागों और स्कूलों ने देशभक्ति की थीम पर बेहतरीन प्रदर्शनियां लगाईं। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम सिटी विकास कश्यप, जिला विकास अधिकारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, चीफ वार्डन सिविल डिफेंस ललित जायसवाल, अनिल अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अधिकारियों और अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से सभी गणमान्य अतिथियों को पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने मंच से सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराई। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत जे. विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत 'वंदे मातरम्ज के सुरमई और भावपूर्ण गायन से हुई, जिसने पूरे हाल में गूंज भर दी। इसके बाद के.आर. ग्रुप ने शहीद भगत सिंह के जीवन पर आधारित नृत्य-नाट्य प्रस्तुत किया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं। दर्शकों ने खड़े होकर कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। ग्रुप ने आगे ३सबसे आगे होंगे हिन्दुस्तानी३ गीत पर ऊर्जा से भरा नृत्य पेश किया। नीव संस्था की ओर से भागीरथी स्कूल के छात्रों ने देशभक्ति गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी, जबकि श्री विद्या स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति डांस और ईमानदारी पर आधारित नाट्य मंचन किया, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। महापौर सुनीता दयाल ने जिला प्रशासन के इस उत्कृष्ट आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हिन्दी भवन और इसका पूरा प्रांगण तिरंगे की भव्यता से सजा है, यह सचमुच एक अद्भुत नजारा है। हमारे देश के हर बच्चे में असीम प्रतिभा है, जरूरत है तो बस उसे निखारने और मंच देने की। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखें, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना देश को आजादी दिलाई।

# एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल



वेलकम इंडिया

> हमारी प्राथमिकता जनता की सुरक्षा है और इसके लिए हम हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं। इस पूरी कार्रवाई में एसीपी प्रियाश्री पाल का तेज निर्णय, सटीक प्लानिंग और मौके पर मौजूद पुलिस टीम के साथ बेहतरीन तालमेल ही सफलता की असली वजह रही।

**गाजियाबाद।** थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम ने सोमवार देर रात एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में की गई सटीक रणनीति और तेज कार्रवाई के दम पर एक कुख्यात अपराधी को देर रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस सफलता ने न केवल अपराधियों की हिम्मत तोड़ी बल्कि यह भी साबित कर दिया कि गाजियाबाद पुलिस अपराध के खिलाफ किसी भी हाल में पीछे नहीं हटती। सोमवार रात करीब 11:30 बजे, चिपियाना अंडरपास के नीचे बैरियर लगाकर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि बिना नंबर प्लेट की पैशन प्रो बाइक पर सवार दो अपराधी वारदात को अंजाम देने जा रहे हैं। सूचना मिलते ही एसीपी प्रियाश्री पाल ने तत्काल एक और चेकिंग प्वाइंट एबीईएस कॉलेज के सामने लगाने का निर्देश दिया। जैसे ही संदिग्ध बाइक सवार पहुंचे और रुकने का इशारा किया गया, उन्होंने बाइक की स्पीड बढ़ाकर एबीईएस की तरफ मोड़ ली। वहां दूसरी टीम को देखकर वे कच्चे रास्ते की ओर भागे, लेकिन बारिश और कीचड़ की वजह से बाइक फिसल गई। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश वकील उर्फ रिजवान के पैर में गोली लगी। मौके से उसका साथी मुस्तकीम भी दबोच लिया गया। पूछताछ में सामने आया कि रिजवान के खिलाफ एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। घटना स्थल से पुलिस ने एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, चोरी की गई मोटरसाइकिल, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, 34,000 नकद और एक सफेद धातु का कड़ा बरामद किया।

# एसीपी पूनम मिश्रा को एडीसीपी पद पर प्रमोशन, रैंक बैज लगाकर दी गई बधाई

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में कार्यरत सहायक पुलिस आयुक्त पूनम मिश्रा को उनकी उत्कृष्ट सेवा, कुशल नेतृत्व और समर्पण के लिए अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय ने औपचारिक रूप से उनके कंधों पर रैंक प्रतीक चिह्न लगाकर बधाई दी। पूनम मिश्रा ने अपनी सेवा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, महिला सुरक्षा को मजबूत करने और संवेदनशील मामलों के त्वरित निस्तारण में अहम भूमिका निभाई है। उनके इस योगदान को पुलिस विभाग ने सराहा और उन्हें पदोन्नति देकर सम्मानित किया। पदोन्नति समारोह के दौरान पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारी और कर्मचारियों ने उन्हें फूल मालाओं से स्वागत किया। सभी ने एक स्वर में उनके उज्ज्वल भविष्य और और भी ऊँचाइयों को छूने की शुभकामनाएं दीं।

